अतः सरकार से आग्रह है कि सरकार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति निश्चित करे और रक्षा वाहिनी के जवानों को दैनिक भत्ता पच्चीस रुपया स्वीकृत करे। रक्षा वाहिनी के जवान जो काफी दिनों से सेवा कर रहे हैं उनकी सेवा को स्थाई करे जिससे वे भुखमरी के शिकार नहीं हों।

(viii) NEED TO ABOLISH SYSTEM OF ENGAGING STAFF ON EXTRA DEPARTMENTAL BASIS IN P&T DEPARTMENT

SHRI SUSHIL BHATTACHARYA (Burdwan): Sir, out of a total of about eight lakh employees serving the Post and Telegraph Department, nearly three lakhs are those halpless EDAS, receiving a monthly allowance, varying from Rs. 118 to 172, for working generally three to five hours a day. They are not paid if they work beyond the scheduled hours, which they have to do not infrequently, and of course they are not eligible for promotion even after rendering service in the department for 30 years or over. No regular procedure is followed, either for their appointment or dismissal, and the EDA are deprived of all the facilities enjoyed by regular staff, though the nature of work rendered by both the categories is the same. The Rajan Committee recommended in their report, almost a quarter of a century earlier, that EDAS should be recognised in a phased manner, as regular staff. The Supreme Court also gave the verdict that they were civil servants and not casual workers. But no step has yet been taken to recognise the EDAS as departmental staff. They organised a 1,000 mile padajatra, from 10th to 25th March, from different parts of West Bengal to Calcutta, to place their demand before the Prime Minister of India in a memorandum, which was submitted to the Governor on 25th March, 1983. Their immediate demand is for the abolition of the system of engaging staff on extra-departmental basis. In the circumstances, I request the Government to take an immediate action.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now we will take up the next item.

SHRIKRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): Sir, I have a small submission to make.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Have you given notice?

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: No, Sir. Hear me for a minute. More than several hundred seamen under the leadership of Forward Seamens' Organisations have come from different parts of our country to stage a dharna in front of the Prime Minister's house. Sir, through you, I would request the Prime Minister, or the Minister of Transport and Shipping, to meet their representatives and try to redress their grievances. This is my submission.

12.25 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 1983-84—*Contd.*

MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES *Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Food and Civil Supplies. Shri K. C. Pandey was on his legs. He has already taken 8 minutes. He has now got 120 seconds.

श्री कृष्ण चन्द्र पान्डे (खलीलाबाद): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं ता० 24 के अपने अपूर्ण भाषण को पूर्ण करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मान्यवर, ता० 24 को मैंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराया था कि उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों की बड़ी ही दुर्दशा हो रही है। 20 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से मांगा था, तरन्तु अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं मान्यवर, जो भारत सरकार की पांच मिलें हैं वे भी किसानों को उचित मूल्य

[श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डे]

नहीं दे रहीं हैं। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश में किसानों में जनाक्रोश है। हमारी प्रदेश सरकार चिंतित है कि किसानों को जो उनका बकाया है, गन्ने का जो मूल्य बकाया है, वह उनको अदा किया जाए। मैं माननीय मंत्री जी से अपील करूंगा कि वे इस संबंध में माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करें।

मान्यवर, फूड कारपोरेशन आफ इंडिया के बारें में इस समय देश में बड़ी चिंता व्याप्त है। रेलवे बोर्ड के बारे में बराबर आलोचना की जाती रही है परन्तु अब आलोचना का विषय धीरे-धीरे फूड कारपोरेशन बनता जा रहा है और बन भी गया है। परन्तु मुझे खुशी है कि इस विभाग की जिम्मेदारी एक ऐसे योग्य और कुशल प्रशासक श्री आजाद जी के हाथ में है जिससे कि फूड कारपोरेशन जो एक भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, उसमें सुधार आएगा।

मान्यवर, प्रतिवर्ष 112 करोड़ का लास फूड कारपोरेशन ट्रांजिट और स्टोरेज में करता है। वह प्रतिवर्ष 5.52 करोड़ रुपया डेमरेज का रेलवे को देता है। मान्यवर, आप सोच सकते हैं कि फूड कारपोरेशन 112 करोड़ रुपये का लास ट्रांजिट और स्टोरेज में करके 5 करोड़ रुपया रेलवे को डेमरेज का देकर के 117 करोड़ रुपये का भार इस देश के किसानों पर डालना चाहता है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है। इसलिये मैं माननीय मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि इस सारे लासिज की जिम्मेदारी तुरन्त बड़े अधिकारियों या छोटे कर्मचारियों पर फिक्स की जानी चाहिये जिससे कि यह जो 117 करोड़ रुपये का फूड कारपोरेशन को लास होता है, वह न हो और इसका भार किसानों पर भी न पड़े।

माननीय उपाध्यक्ष जी, फूड कारपोरेशन आफ इंडिया की जिम्मेदारी किसानों से सीधे गल्ला खरीदने की है। परन्तु फूड कारपोरेशन के अधिकारी आढ़तिये रखे हुये हैं। आज भी पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में किसानों से सीधे गल्ला न खरीद कर के आढ़तियों की मार्फत गल्ला खरीदा जा रहा है। यदि किसी बड़े किसान ने कह दिया कि हम आपको गल्ला सीधा बेचेंगे तो कारपोरेशन के अधिकारी उसको कहते हैं कि हम तुम्हारा गल्ला घटिया करवा देंगे, उसे अच्छे किस्म के गल्ले में नहीं लिया जायेगा। मेरी मंत्री जी से अपील है कि इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिये कि फुड कारपोरेशन गल्ला आढ़तियों की मार्फत न खरीदे, बल्कि सीधे खरीदे। भारत सरकार किसानों को जो लाभ देना चाहती है इससे वह लाभ किसानों को सीधा मिलेगा। तभी किसानों का मनोबल ऊंचा होगा और आज विदेशों से जो गल्ला आयात किया जाता है वह भी आपको आयात नहीं करना पड़ेगा। फूड कारपोरेशन द्वारा किसानों को उत्साहित किया जाना चाहिये, उनका मनोबल ऊंचा किया जाना चाहिये। आज फूड कारपोरेशन बिचौलियों की मार्फत गल्ला खरीदता है, आढ़तियों की मार्फत खरीदता है। इससे सरकार की बदनामी होती है। मैं मंत्री जी से अपील करूंगा कि फूड कारपोरेशन आफ इंडिया सीधे किसानों से गेहूं खरीदे। इस से किसानों का भला हो सकता है।

मान्यवर, खाद्य विभाग की भी कुछ बातें सुनने में आई हैं। कुछ उच्च अधिकारी भी अपने दायित्व का पालन नहीं करते। सेंट्रल वेयर हाउसिंग बोर्ड में प्रतिवर्ष ठेका होता है। नियम है कि लोएस्ट टेंडर जिसका हो उसको ठेका मिलना चाहिये। आप पुराने कागजात मंगवा कर देख लें। उनका टेंडर मंजूर

हुआ है जिनका हाइएस्ट टेंडर था। ऐसा क्यों हुआ और किन लोगों ने ऐसा किया ? इसकी पूरी जांच पड़ताल की जानी चाहिये ।

सेंट्रल वेयर हाउसिंग बोर्ड की बैठक होती है। बैठक में कभी आधे आइटम्स पर विचार कर लिया जाता है। और कभी तिहाई आइटम्स पर विचार कर लिया जाता है। संयुक्त सचिव और डायरेक्टर स्तर के अधिकारीगण ताज होटल में भोजन करते हैं। मेरे पास उदाहरण हैं। दिनांक 22-7-1982 को सेंट्रल वेयर हाउसिंग बोर्ड की बैठक थी। इसमें 26 आइटम्स में से 21 आइटम्स पर विचार किया गया और 5 आइटम्स छोड़ कर हमारे उच्चाधिकारी लोग ताज होटल में भोजन करने चले गये और 1400 रुपये का बिल बनाकर फूड एण्ड सिविल सप्लाई विभाग को भिजवा दिया। अगर इस तरह से हमारे बड़े अधिकारी लोग काम करेंगे तो देश की नेता इंदिरा गांधी जी का जो उद्देश्य है कि हमें इस देश से भ्रष्टाचार हमेशा-हमेशा के लिये समाप्त करना है, उस उद्देश्य को धक्का लगेगा। आप इसकी जांच करवा लें ।

1978 में विश्व बैंक ने खाद्य निगम को 157.50 करोड़ रुपया गोदामों के निर्माण के लिये सहायता के रूप में देने का संकल्प किया। फाइलों का निपटारा समय पर नहीं हो पाया। एक बड़े अधिकारी के पास फाइल लगभग 5,6 महीने तक पड़ी रही। परिणामस्वरूप जिन गोदामों का निर्माण 1979 तक पूरा हो जाना चाहिये था वे 1986 तक पूर्ण होंगे। इस तरह से जिन गोदामों पर 157·50 करोड़ का खर्च आना चाहिये था वे अब 190 करोड़ रुपये में बनेंगे। इसकी जवाबदेही किस पर है ? फाइलों का निपटारा क्यों नहीं किया गया ? किसानों के ऊपर क्यों बोझा डाला जा रहा है। मुझे विश्वास है कि मंत्री जी इसको देखेंगे और अगर कोई दोषी पाया गया तो वैधानिक कार्यवाही करने में इनकी कलम नहीं चूकेगी।

मान्यवर, गोदामों का निर्माण होता है लेकिन जो विभाग गोदामों का निर्माण करते हैं उनमें आपस में मेल नहीं है। सेंट्रल फूड कारपोरेशन आफ इंडिया, सेंट्रल वेयर हाउसिंग बोर्ड, स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन और कोआपरेटिव सेक्टर के लोग गोदामों का निर्माण करते हैं।

चारों एजेंसियां एक ही स्थान पर गोदाम बना लेती हैं और सरकार को दिखा देती हैं कि घाटा हो रहा है क्योंकि गोदाम में रखने के लिये जगह नहीं होती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि गोदामों का निर्माण एक ही स्थान पर न कराया जाए। एक स्थान पर एक ही एजेंसी का गोदाम होना चाहिये चाहे उसकी कैपेसिटी कितनी भी हो ।

फूड कारपोरेशन आफ इंडिया से हमारे माननीय मंत्री जी ने भ्रष्टाचार खत्म करने का संकल्प लिया है इसलिये मैं उनसे कहना चाहता हूं कि क्रय केन्द्रों को ब्लाक स्तर पर किया जाना चाहिये। एक ब्लाक में दो क्रय केन्द्र होने चाहिये जिससे किसान अपने गल्ले को आसानी से फूड कारपोरेशन आफ इंडिया की दुकान पर जमा कर सकें। यदि ऐसी व्यवस्था हो गयी तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिचौलियों से बचा जा सकता है। आपने जो टारगेट गल्ला खरीदने का बनाया है, वह पूरा नहीं होगा बल्कि कई गुना बढ़ सकता है। मैं आप को बताना चाहता हूं कि हैसर बाजार से खलीलाबाद बाजार करीब 35 किलो मीटर दूर है जहां किसान को ट्रैक्टर या ट्राली पर रखकर धान लाना पड़ता है। लेकिन रास्ते में ही

[श्री कृष्ण चन्द्र पान्डे]

बिचौलिये किसान का कह देते हैं कि तुम्हारा गल्ला हम बेंच देंगे, आप पैसे लो और घर चले जाओ। इस प्रकार बिचौलियों से बचने की व्यवस्था की जानी चाहिये।

एन० सी० सी० एफ० के बारे में भी माननीय मंत्री जी का ध्यान अच्छी तरह से आकृष्ट कराया जा चुका है। । देश की कोई पत्रिका या पत्र ऐसा नहीं है जिसमें एन० सी० सी० एफ० के कारनामों के बारे में न छपा हो। दालों का घोटाला और कंट्रोल रेट का कपड़ा जो कलकत्ता और गोहाटी में बिक गया लेकिन सही उपभोक्ताओं को कुछ नहीं मिला। इसी प्रकार काकीनाडा का केस भी इस सदन में उठाया जा चुका है। मेरी अपील है कि एन० सी० सी० एफ० को ऊपर से नीचे तक सुधारने की आवश्यकता है क्योंकि एन० सी० सी० एफ० के कार्यों और कारनामों से सरकार की बदनामी होती है।

हमारे बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत हमारा 17वां सूत्र है "गरीबों के बच्चों को सस्ती पुस्तकें और पुस्तिकायें उपलब्ध कराना"। मैं कहना चाहता हूं कि कापियां बनाने का अधिकार बिग हाउसेज को दिया जाता है जैसे करमचन्द थापर एण्ड कम्पनी को दिया गया। जितनी कापियों की छपाई होनी चाहिए उतनी नहीं होती है और नतीजा यह होता है कि गरीबों के बच्चों को कापियां महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। मैं चाहता हूं कि एक ही बिजनेस हाउस को इस प्रकार का कार्य न दिया जाये। कोआपरेटिव सेक्टर जो प्रदेशों में हैं और यहां भी हैं उसको यह काम दिया जाना चाहिए जिससे देश के गरीब मजदूर का बेटा पढ़ने के लिये कापी प्राप्त कर सके।

राशन की दुकानों के बारे में मंत्रीजी ने राज्य सभा में अपने एक बयान में कहा था कि देश में जो खाद्य वितरण की बात है उसकी ऊपर से नीचे तक सुधारने की आवश्यकता है। अभी कोआपरेटिव सैक्टर को यह काम दिया गया है, परन्तु उत्तर भारत में कोआपरेटिव की क्या स्थिति है वह मंत्री जी को मालूम है। मंत्री जी आप फूड एण्ड सिविल सप्लाई की जो परिषद् है उसके अध्यक्ष हैं, आज देश में बेरोजगारी बढ़ रही है क्योंकि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों से जो लोग निकल रहे हैं वह बेरोजगारी को बढ़ा रहे हैं। इसलिये मेरी मंत्री जी से अपील है कि जो भी सस्ते गल्ले की दुकानें खोली जा रही हैं देश के कोने कोने में कम से कम 50 प्रतिशत दुकानें बेरोजगार नोजवानों को मिलनी चाहिए ताकि उसकी बेरोजगारी दूर हो। और प्रभावशाली लोग जो 25, 25 दुकानें लिये बैठे हैं, हमारे मंत्री जी ने राज्य सभा में जवाब भी दिया था कि दिल्ली में ही एक आदमी ऐसा पकडा गया जिसके पास 25 राशन की दुकानें थीं, ऐसे लोगो को न देकर बेरोजगार नौजवानों को यह दुकानें दी जायें क्योंकि जब उनका धैर्य धीरे-धीरे टूट रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं मंत्री जी से बेरोजगारी दूर करने का जो संकल्प हमने अपने घोषणा-पत्र में दिया है उसे पूरा किया जाना चाहिए।

अभी तक गेहूं का मूल्य निर्धारण नहीं हुआ। हमारा गेहूं खेत में खड़ा है, किसानों को चिन्ता है, खाद और बिजली मंहगी हो गई परन्तु गेहूं का मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं हुआ, मैं चाहूंगा कि यह जल्दी से जल्दी किया

जाना चाहिए और ऐसी सम्भावना है कि 142 रु० की जगह शायद 150 रु० प्रति क्विंटल भाव तय हो । लेकिन इससे काम चलने वाला नहीं है ।

MR. DEPUTY SPEAKER: Even in making a demand, why are you so thrifty? Why don't you ask for more?

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे : मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप इसमें पहल कदमी कीजिये और किसानों को कम से कम 175 रु० प्रति क्विंटल गेहूं का दाम मिलना चाहिए जिससे किसानों का मनोबल ऊंचा हो । प्रति दिन समाचार-पत्रों में निकलता है कि गेहूं विदेशों से मंगाया जा रहा है, यह हमको विदेश से न मंगाना पड़े । अगर किसानों को आप सही दाम देंगे तो कृषि प्रधान देश होने के कारण हमारे किसान इतना गल्ला पैदा करेंगे कि बाहर से मंगाने का सवाल ही नहीं उठेगा । भारत को आजाद हुए 35 साल हो गये, परन्तु आज भी हम विदेशों से गेहूं मंगायें यह अति चिन्ता का विषय है और इस पर किसानों को भी शर्म आती है ।

मैं मंत्री महोदय से अपील करना चाहता हूं कि फूड कारपोरेशन आफ इंडिया का जो नट-वोल्ट ढीला हो गया है, उसको टाइट किया जाये जिससे किसानों से सीधा गल्ला खरीदा जाये और किसानों का टर्न-ओवर ऊपर किया जा सके ।

हमारी उत्तर प्रदेश सरकार ने मंत्री जी से अपील की है और मैं उनको बधाई देना चाहता हूं कि मार्च के महीने में उन्होंने 1 लाख टन गेहूं दे दिया । मंत्री जी अच्छी तरह जानते हैं कि उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर जिला आधे उत्तर प्रदेश के लिये सूखाग्रस्त है । बुन्देलखण्ड की स्थिति भी वे स्वयं जानते हैं । पूरा प्रदेश सूखे से तबाह हो गया है । मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि अप्रैल के महीने में भी वह 1 लाख टन गेहूं और दे दें तो अच्छा हो ।

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : नया गेहूं बाजार में आ गया है ।

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे : इससे हमारे किसानों को और गरीब मजदूरों को खाद्यान्न पहुंचाया जा सकेगा ।

इसके साथ ही साथ हमारे उत्तर प्रदेश में मिट्टी के तेल का कोटा भी पूरा नहीं मिलता है । हमारे प्रदेश की सरकार ने बार-बार प्रार्थना की है कि जन संख्या के आधार पर तेल दिया जाये । इसके लिये कम से कम 75 हजार किलोलीटर तेल की आवश्यकता पड़ेगा । किन्तु उत्तर प्रदेश को मिट्टी का तेल नहीं मिल रहा है ।

हमारे गन्ना किसानों की पहली मांग है कि उनका जो बकाया पैसा है, वह उनको मिलना चाहिए । उत्तर प्रदेश सरकार उनको देना चाहती है किन्तु वहां पर जो कस्टोडियन मिले हैं, वह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मूल्य अभी तक नहीं दे रही है । अभी तक वह 17 रुपये 60 पैसे, 17 रुपये 40 पैसे और 18 रुपये 85 पैसे ही दे रही है । मेरा निवेदन है कि घोषित नीति के अनुसार केन्द्र की कस्टोडियन मिलों से बकाया राशि किसानों को दिलवाने की कृपा की जाये ।

20 करोड रुपये जो कर्ज के रूप में प्रदेश सरकार मांग रही जो किसानों को देना है, वह जल्दी से जल्दी दिलवाने की कृपा करें इन शब्दों के साथ मैं इस मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री चन्द्रपाल सिंह (अमरोहा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं खाद्य एवं नागरिक पूर्ति मंत्रालय की मांगों पर बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं, जो समय इसके लिये मुझे आपने दिया, उसके लिये धन्यवाद ।

गन्ने की स्थिति जो आज पूरे देश में बनी हुई है, उसकी तरफ मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । थोड़ा सा अगर हम पिछले साल की तरफ ध्यान दें तो चीनी मिलों ने 84 लाख टन से ज्यादा चीनी पैदा की है । उस साल चीनी का उत्पादन रिकार्ड है लेकिन इसके साथ ही साथ गन्ना उत्पादकों की बकाया रकम का रिकार्ड भी कि बहुत रुपया किसानों का बकाया है । इसकी तरफ मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिये ।

पिछले साल से गन्ने का उत्पादन 8 प्रतिशत ज्यादा है । उसमें भी सूखा पड़ता रहा । सरकार ने प्रयास किया कि चीनी मिलों को जल्दी पिराई का काम शुरू कर देना चाहिये, लेकिन बावजूद इस आदेश के वह जल्दी नहीं चला सके और जो ज्यादा चीनी का लाभ हो सकता था, वह नहीं लिया जा सका । सारी मिलें देर से चलीं । अक्तूबर में मिलें चलनी चाहिए थीं । उस समय के लिए टैक्स में जो रियायतें थीं उनका भी लाभ वह नहीं उठा पाए । इसके साथ-साथ रिकवरी बेसिस पर गन्ने की कीमत तय की जाती है । पिछले दो सालों की औसत रिकवरी पर इस साल का बेसिक कोटा बनाया गया और गन्ने का भाव तय किया गया । हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस साल काफी मंहगाई बढ़ गई है फिर भी गन्ने का मूल्य ज्यों का त्यों रखा गया है । पिछले साल के मुकाबले इस साल बिजली में 50 प्रतिशत, खाद में साढ़े 62 प्रतिशत, डीजल में 30 प्रतिशत, मजदूरी में 50 प्रतिशत, रेल का भाड़ा (दो साल में) 30 प्रतिशत और रोडवेज में 40 प्रतिशत की बढ़ौतरी की गई है लेकिन फिर भी इस साल पिछले साल का भाव ही रखा गया है । इसके अलावा किसानों का जो गन्ने का दाम बाकी रहता है उस पर उनको सूद भी नहीं मिल पाता है । दूसरी तरफ किसान जितना भी कर्जा कहीं से लेता है उस पर उससे पूरा सूद वसूल किया जाता है । मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि अगर नियमों में कहीं पर ढिलाई है तो उसको दूर किया जाना चाहिए । जैसा कि प्रावधान है, उसके अनुसार 14 दिन के बाद सूद दिया जाना चाहिए लेकिन वह दिया नहीं जाता है । यह प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाता है । इसकी तरफ मन्त्री जी को विशेष ध्यान देना चाहिए ।

सारे देश में कुल 301 चीनी मिलें हैं जिसमें से 92 उत्तर प्रदेश में ही हैं । उत्तर प्रदेश में पांच प्रकार की चीनी मिलें चल रही हैं । एक तो कोआपरेटिव मिलें हैं । दूसरी कारपोरेशन की मिलें हैं । तीसरी मिलें वह हैं जिनको टेक-ओवर किया गया है । चौथे प्रकार की प्राइवेट मिलें हैं । पांचवीं सेन्टर की मिलें हैं जो कस्टोडियन मिलें कहलाती हैं । शुरू में इस बात की कोशिश की गई थी कि चीनी मिलों को जल्दी आरम्भ किया जाए लेकिन जब सरकारी मिलें ही नहीं चल सकीं तो दूसरी मिलों पर भी उनका प्रभाव पड़ा । जहां तक गन्ने की स्थिति का सम्बन्ध है, फिक्की के जो चेयरमैन हैं, मि० जैन, उनका एक बयान निकला था कि मिलों पर 40 करोड़ बकाया था जो मैं समझता हूं इस साल तक 2 अरब हो जायेगा । इस प्रकार किसानों का बकाया रहने पर मिलों को चलाना कठिन होगा । अतः

इस सम्बन्ध में विशेष प्रयास होना चाहिए । चीनी का रेट बढ़ाया जाना चाहिए । इसके अलावा एक लाबी तैयार हो रही है जोकि गन्ने का दाम कम कराना चाहती है । सरकार को यहां पर स्पष्ट घोषणा करनी चाहिए कि वह कभी भी उस लाबी के दबाव में नहीं आयेगी । साथ ही किसानों का जो बेसिक कोटा है उससे ज्यादा गन्ना लिया जायेगा—इसकी भी घोषणा की जानी चाहिए । इसकी वजह से आज किसान बहुत परेशान है । आज वे गुड़ व खंडसारी के लिए अपना गन्ना सस्ता बेच रहे हैं । उनको गन्ने का सही मूल्य नहीं मिल रहा है । इसलिये सरकार को यहां पर स्पष्ट घोषणा करनी चाहिए कि किसान ने जो भी गन्ना बोया हुआ है वह पूरा का पूरा पेरा जायेगा । एक तरफ तो सरकार की छठी पंचवर्षीय योजना में 70 मिलें और खोलने की है इसलिए अगर वह किसानों को प्रोत्साहन नहीं देगी तो वे गन्ना क्यों बोयेंगे ? जो स्थिति इस साल चल रही है उसको देखते हुए अगली बार किसान कम गन्ना बोयेंगे क्योंकि उसको उसका सही मूल्य नहीं मिल रहा है । इसलिए मेरा निवेदन है कि किसानों को सूद समेत बकाया दिया जाए और चीनी का बफर स्टाक बनाया जाए । तथा दूसरे देशों में यदि सस्ते दामों पर भी जाती हो तो भेजना चाहिये, जिस से उन का तनाव कम हो । जितनी चीनी पिछले साल बनी थी उतनी इस साल भी बन जायगी—इस लिये इस को आप विशेष रूप से देखें ।

आज हम किसानों को रियायत देने की बात कहते हैं—यह तभी सम्भव हो सकता है जब कि गन्ना किसानों को उन का बकाया सूद समेत मिले तथा गन्ने की पूरी कीमत मिले । उस के मन में यह चिन्ता लगी हुई है—इस लिये मंत्री जी को इस सम्बन्ध में शीघ्र से शीघ्र स्पष्ट घोषणा करनी चाहिये ।

एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात पर हमारे अनेक साथियों ने प्रकाश डाला है तथा श्री पांडे जी भी अभी बोल रहे थे—गेहूं की कीमत का ऐलान होना है—मैं चाहता हूं कि 200 रुपये से कम का ऐलान नहीं होना चाहिये । सरकार को कीमत का ऐलान करने से पहले हर चीज़ पर दृष्टि डालनी चाहिये—पिछले साल में क्या-क्या चीज़ें तेज़ हुई हैं, किसानों को पैदावार प्राप्त करने के लिये क्या-क्या खर्चा करना पड़ता है—उन सब को देख कर भाव की घोषणा करनी चाहिये ।

आप ने मुझे बोलने का समय दिया, इस के लिये आप को अनेक धन्यवाद ।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, खाद्य और आपूर्ति विभाग की जो मांगें सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई हैं, मैं उन का समर्थन करता हूं ।

आप इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि हिन्दुस्तान में जब से श्रीमती इन्दिर गांधी का राज वापस आया, 1980 से, तब से उन्होंने प्रोक्योरमेन्ट की जो पालिसी एडाप्ट की है उससे देश में एक अच्छा वातावरण बना है तथा हम ने हायेस्ट प्रोक्योरमेन्ट किया है । करीब 15 मिलियन टन का प्रोक्योरमेन्ट हुआ है जो आज तक यहां तक कि जनता पार्टी के जमाने में भी नहीं हुआ । जनता पार्टी की सरकार ने तो सारे देश का बंटाधार कर दिया था.... (व्यवधान) ....लेकिन उस अव्यवस्था को दूर कर के जो प्रोक्योर-

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

मेन्ट की पालिसी हम ने एडाप्ट की, निश्चित तरीके से उस से देश में अच्छा वातावरण बना है । हम ने प्रोक्योरमेन्ट की व्यवस्था जिन-जिन एजेन्सियों की मारफत की—चाहे एफ०सी०आई० हो; सेन्ट्रल वेअर हाउसिंग कारपोरेशन हो या स्टेट बेयर हाउसिंग कारपोरेशन हो—उन के सम्बन्ध में चाहे जो शिकायतें हों, उन की व्यवस्था अच्छी थी या नहीं थी, उन के प्रोक्योरमेन्ट में क्या-क्या गड़बड़ी थी, इन सब के बारे में मैं बाद में कहूंगा—लेकिन जो भी एजेन्सियां हैं, जिन के द्वारा 15 मिलियन टन गेहूं प्रोक्योर किया गया है, उतना अब तक किसी भी वर्ष में प्रोक्योर नहीं हुआ, इसलिये इस कार्य के लिये हम सरकार को धन्यवाद दे सकते हैं । इन्होंने बड़ी मज़बूती के साथ इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये कारगर कार्यवाही की है, विदेशों से भी फूड-ग्रेन्ज़ मंगा कर बफर-स्टाफ बनाने की व्यवस्था की है—इस से भी देश में एक अच्छा वातावरण बना है । क्योंकि जब तक देश में बफर-स्टाक नहीं होता है, प्राइसेज़ का एक्स-केलेशन होता है, उस में रुकावट नहीं आती है, लेकिन जब लोगों को मालूम होता है कि बफर-स्टाक मौजूद है, जिस के द्वारा हम सारे देश को व्यवस्थित तरीके से सप्लाई कर सकते हैं, उस स्थिति में दाम नहीं बढ़ पाते हैं । मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूं—पिछले वर्ष में फूड ग्रेन प्राइस में बहुत थोड़ा अन्तर आया । 1978 में जब कि 16 परसेन्ट से ज्यादा का फर्क था, पिछले वर्ष केवल 4.9 परसेन्ट प्राइस की बढ़ोतरी हुई । इस बात के लिये भी हमारी सरकार धन्यवाद की पात्र है, उन्होंने प्राइसेज़ को बढ़ने से रोकने में बहुत बड़ी मदद की है ।

मगर आज देश में जो स्थिति है—आधे से ज्यादा देश में भयंकर अकाल है । राजस्थान में तो उस से भी ज्यादा अकाल है । लेकिन हमारी सरकार ने ऐसा भयंकर अकाल होते हुए भी जिस तरह से प्रोक्योरमेन्ट किया, इस स्थिति का मुकाबला करने के लिये विदेशों से अनाज मंगाया, और जिस तरीके से उन्होंने वितरण व्यवस्था करने की कोशिश की है उससे हमें मालूम होता है कि हमारी सरकार इस मामले में सजग है । जिन स्टेट्स में खाद्यान्न की कमी है उन स्टेट्स के लिए भी उन्होंने बहुत बढ़िया व्यवस्था की है जिससे कि भूख और प्यास से लोगों के मरने की हमारे सामने कोई शिकायत नहीं आई । बेशक लोग बीमारियों से मर गये हों लेकिन भूख और प्यास से कोई नहीं मरा । इस प्रकार की कोई शिकायत हमारे पास नहीं आई है ।

13.00 hrs.

इस देश में इतने भयंकर अकाल के होते हुए और अकाल से इतनी बड़ी संख्या में प्रभावित होते हुए भी जो वितरण व्यवस्था की गयी है, उसके लिए निस्सन्देह सरकार धन्यवाद की पात्र है । मगर इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि इस व्यवस्था को आप और माकूल बनाए । मेरा निवेदन है कि राजस्थान में पिछले चार-पांच सालों से भयंकर अकाल पड़ता है । आप हम को 19 हजार टन गेहूं हर माह देते हैं । जब बंगाल वाले कहते हैं कि हम को एक लाख टन गेहूं और चावल दो, बिहार और यू०पी० के लोग भी कहते हैं हम को भी एक-एक लाख टन खाद्यान्न दो, केरल वाले भी एक लाख टन चावल की मांग करते हैं और आप उन्हें भरसक देने का प्रयत्न करते हैं। राजस्थान जहां कि आबादी साढ़े तीन

करोड़ है, उसके लिए आप ने 19 हजार टन गेहूं दिया तो इतने अनाज से राजस्थान की इतनी बड़ी आबादी किस प्रकार प्रभावित होगी, उसका आप अन्दाजा लगा सकते हैं । मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं आप इस पर पुनर्विचार करें । और वहां की जनसंख्या को देखते हुए राजस्थान को पूरा खाद्यान्न सप्लाई करें । अब तक तो लोगों की शिकायत सरकार के सामने नहीं आई है । वहां यह भी स्थिति पैदा हो सकती है कि लोग भूख और प्यास से मर जाएं । इस पर आपको ध्यान देना चाहिए ।

आपने इस देश में डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को कोआप्रेटिव सोसायटीज के जरिये से मजबूत करने की कोशिश की है । आपने 2.82 लाख फेयर प्राइस शाप्स पिछले वर्षों में खोली हैं । मगर इन दुकानों की व्यवस्था ठीक प्रकार से चल रही है या नहीं इस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए । आपको यह भी देखना है कि क्या आपकी कोआप्रेटिव्ज वाएबल यूनिट्स हैं या नहीं । उनके पास इतना पैसा है या नहीं जिससे कि वे वितरण सामग्री लोगों को उपलब्ध करा सकें । मैं पिछले तीन सालों से आपको बराबर कह रहा हूं कि अगर आप इन कोआप्रेटिव सोसायटीज को इकोनोमिकल्ली वाएबल नहीं बनायेंगे तो आपका डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम नहीं चल पायेगा । इसलिए इनको वाएबल यूनिट बनाने की परमावश्यकता है तभी जा कर कोआप्रेटिव्ज वितरण के मामले में कदम उठा सकेंगी । वरना आप दुकानें खोलते जाएंगे, उनका लाभ कोई नहीं होगा । आप जो सामग्री वितरण के लिए देंगे भी, उसका दुरुपयोग होगा । वह सामग्री लोगों तक ठीक प्रकार से पहुंच पाए, इसके लिए आपको इकोनोमिकल्ली वाएबल यूनिट्स बनाने के सम्बन्ध में कारगर कदम उठाने चाहिएं

तीसरा मेरा निवेदन है कि आपने कोआप्रेटिव सोसायटीज के अलावा प्राइवेट लोगों को भी फेयर प्राइस शाप्स दे रखी हैं । माननीय पांडे जी कह रहे थे दिल्ली में आपने बीस दुकानें एक आदमी को दे रखी हैं । मैं तो कहता हूं कि प्राइवेट लोगों को वितरण की एजेन्सी नहीं मिलनी चाहिए । ये लोग वितरण सामग्री का दुरुपयोग करते हैं । मैं अपने क्षेत्र की बात करता हूं । हमारे यहां किसी भी देहात में इन दुकानों से एडीबल आयल और कपड़ा नहीं मिलता है । हमारे यहां गेहूं और शक्कर तो जरूर मिल जाता, उसके अलावा और कोई सामग्री वहां नहीं मिल पाती । इसका मुख्य कारण यह है कि आपने जो होल सेल या रिटेल एजेन्सीज कायम कर रखी हैं, वे दी गयी सामग्री का ठीक प्रकार से वितरण नहीं करतीं और उस सामग्री को काले बाजार में बेच देती हैं । वे इस प्रकार से गरीबों को सामान सप्लाई न कर के पैसे वालों से, उनको वह माल दे कर नाजायज फायदा उठाते हैं । अगर व्यवस्था ठीक नहीं की जाएगी तो असेंशियल आयटम्स जो आपने 6–7 बनाए हैं वे आम जनता को उपलब्ध नहीं हो सकेंगे । रैपसीड आइल, कलाथ तथा अन्य प्रकार की चीजें उचित दर की दुकानों तक नहीं पहुंच पातीं । मेरा निवेदन है कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

एक निवेदन और करना चाहता हूं । कंट्रोल के कपड़े का निर्माण एन टी सी करता है । पहले यह तरीका था कि अन्य मिलों को भी कुछ निश्चित परसेंटेज कंट्रोल क्लाथ बनाना पड़ता था । किन्हीं कारणों से अब प्राइवेट मिल्स को इस नियम से मुक्त कर दिया गया है । इसको देखने की आवश्यकता है । तमाम गरीब लोगों को, किसानों और मजदूरों को सस्ता कपड़ा सुलभ हो सके, यह काम केवल एन टी सी के द्वारा नहीं किया

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

जा सकता । इसके लिए कोई कदम उठाना होगा तभी गरीब लोगों को कंट्रोल क्लाथ उपलब्ध हो सकेगा । इस ओर तवज्जह देने की आवश्यकता है ।

इसी प्रकार रैपसीड आइल और वेजीटेबल आइल भी लोगों को उचित मूल्य की दुकानों से उपलब्ध नहीं हो पाता है । जो संस्थाएं इंपोर्ट करती हैं उनको भी कई कंसेशंस दिए गए हैं । लेकिन यह देखने की आवश्यकता है कि जो संस्थाएं अरबों रुपए की सामग्री इंपोर्ट करती हैं वे सही जगह पहुंचती भी हैं या नहीं या ब्लैक मार्केट में पहुंचती हैं । जब तक इन सारी व्यवस्थाओं को ठीक नहीं किया जाएगा तब तक असेंशियल आइटम्स आप आम जनता को उपलब्ध नहीं करा सकेंगे ।

शुगर प्रोडक्शन के बारे में आज क्या स्थिति है । आज जनता पार्टी के लोग कहते हैं कि किसानों को गन्ने की कीमत ज्यादा मिलनी चाहिए । जनता पार्टी के समय में क्या स्थिति थी। 5 रुपए क्विंटल गन्ना भी कोई किसानों से खरीदने को तैयार नहीं था । परिणाम यह हुआ कि किसानों को खेतों में गन्ना जला देना पड़ा । हमारी नेता इंदिरा जी के आते ही आपने देखा कि 22–23 रुपए क्विंटल गन्ना खरीदा गया । इसकी वजह से देश में गन्ने का उत्पादन बहुत बढ़ा । आज आपको यह जानकर खुशी होगी कि दुनियां में सबसे ज्यादा शक्कर का उत्पादन यहां किया गया । यह कोई कम बात नहीं है । एक समय था जब हम देश की मांग की पूर्ति नहीं कर पाते थे और आज हम लाखों टन शक्कर का निर्यात कर सकते हैं । जनता पार्टी के समय में 35 लाख टन शक्कर का उत्पादन हुआ जबकि पहले 60–70 लाख टन का उत्पादन होता था । इंदिरा जी के आने के बाद 80, 84 लाख टन शक्कर का उत्पादन हुआ है । आज हम इस देश को इस स्थिति में ले आए हैं । आपको इस बात पर गर्व करना चाहिए ।

जनता पार्टी की सरकार ने तीन साल तक राज करने के बाद सारी सरकार का दिवाला निकाल दिया ।. . . (व्यवधान)

श्रीमती प्रमिला दंडवते (बम्बई उत्तर मध्य) : जनता पार्टी का राज तो ढाई साल के बाद खत्म हो गया लेकिन आपकी सरकार तो तीन साल से चल रही है ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं यह कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी ने ही इस देश का भट्ठा बैठा दिया और सिर्फ 38 लाख टन चीनी पैदा की। आपको मालूम होना चाहिए कि जनता पार्टी के राज में किस प्रकार का अत्याचार और अन्याय किसानों के साथ हुआ । हमारी सरकार गरीबों और मजदूरों के साथ हमदर्दी रखने वाली सरकार है । हम लोग घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग नहीं हैं । हमारा आर्थिक प्रगति का लक्ष्य है । आप देख सकते हैं कि श्रीमती गांधी की सरकार मजदूरों, गरीबों और किसानों के लिए किस प्रकार से काम कर रही है ।

माननीय मंत्री जी से शुगर प्राइस के बारे में कहना चाहता हूं। आपने सस्ती शुगर गरीबों को फेअर प्राइस शाप्स द्वारा देने के लिए योजना बनाई है, इसलिए शुगर की कीमत नहीं बढ़नी चाहिए । सस्ते दामों पर ही गरीबों को शुगर उपलब्ध होनी चाहिए । आपने पिछले साल तीन-तीन, चार-चार दफे कीमतें बढ़ाई हैं और गरीबों को कन्ट्रोल रेट पर देने की बात भी कही है । मिल-मालिक करोड़ों रुपया खा गए और सब मिलों को सिक बना दिया । करोड़ों

रुपया किसानों का बाकी है, इसके बावजूद भी आप इन पर दया कर रहे हैं । आपने सिक मिल्स को ऊपर उठाने के लिए 9 रुपया प्रति क्विंटल सैस लगाया है । पहले आप इस बात की जांच कीजिए कि इन मिलों को सिक किसने बनाया और किसने पैसे का दुरुपयोग किया और किस तरह से इस पैसे को कहां-कहां ले गए । अगर देश के इन्टरेस्ट में इन्होंने काम किया है तो अवश्य ही आप इनकी मदद कीजिए । अगर इन्होंने बेईमानी की है और पैसा खा गए हैं तो निश्चित ही इनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए । मैं चाहता हूं कि आपको अवश्य ही सिक मिल्स को अपने पास लेना चाहिए जिससे मजदूरों को मजदूरी मिले और उसके बाद इन मिल्स को माडर्नाइज और रिहेबिलिटेट करके ऐसी यूनिट बनाई जाए जो प्राफिटेबल और वायेबल हों ।

इनको वापिस मत कीजिए बल्कि नेशनलाइज किया जाए । एफ० सी० आई० में बड़ी भारी गड़बड़ी है । एफ० सी० आई० के सम्बन्ध में आप ध्यान रखें ताकि सामान खरीदते वक्त बिचौलिये बीच में न आयें, क्योंकि इससे गरीब किसान को कम पैसा मिलता है । बिचौलिया अगर होगा तो किसान का शोषण होगा । इसलिये इस व्यवस्था को माकूल बनायें और ब्लाकवाइज आप परचेज सेंटर खोलिये । इसके अलावा एफ०सी०आई० गोदाम से जब दुकानदार को माल दिया जाता है तो उसमें भी गड़बड़ करते हैं कर्मचारी लोग । 5, 10 किलो गेहूं हर बोरी में कम मिलता है जिसका नतीजा यह होता है कि दुकानदार उपभोक्ताओं को कम माल तोलता है और उनको तकलीफ होती है । एफ० सी० आई० के जो अधिकारी गरीबों का शोषण कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही कीजिये ।

आप फसल के समय पर तो अच्छा गेहूं किसान से लेते हैं फिर समझ में नहीं आता कि उसमें रेत और कंकड़ कहां से आ जाते हैं वजन बढ़ाने के लिये ? इस अव्यवस्था को रोकना चाहिये । अच्छा गेहूं प्राइवेट दुकानों में चला जाता है और खराब गेहूं राशन की दुकानों पर उपभोक्ताओं को मिलता है । इस व्यवस्था को आपको ठीक करना चाहिये । आप प्रोक्योरमेंट के समय अच्छे से अच्छा गेहूं लेते हैं लेकिन बाद में कज्यूमर्स को सड़ा गेहूं मिलता है । इस अव्यवस्था को रोका जाए ।

एफ० सी० आई० के जितने भी अधिकारी हैं और बड़ी बड़ी तनख्वाहें पाते हैं आप देखिये कितने लोग इसमें होने चाहिये । कोई तो नौर्म होगा जिसके मुताबिक कर्मचारी होने चाहियें ? 10,000 के करीब जो अतिरिक्त स्टाफ एफ०सी०आई० में है और उस पर बोझ बने हुए है उनको वहां से हटा कर दूसरी जगह भेजिये जिससे गरीबों का शोषण न हो सके ।

इसी तरह से एन० आर० ई० पी० प्रोग्राम के अन्तर्गत आप राज्यों को अनाज और पैसा देते हैं । आपको देखना चाहिये कि किस-किस राज्य ने इसका सही उपयोग किया है और किसने नहीं । जिन राज्यों ने एन.आर.ई.पी. कार्यक्रम को क्रियान्वित नहीं किया उनके खिलाफ आप सख्त कार्यवाही करें ताकि अनाज और पैसे का दुरुपयोग न हो और कोई अपना पार्टी काडर बनाने के लिये इस व्यवस्था का दुरुपयोग न करे । मैं दूसरों के लिये ही नहीं कह रहा हूं, हमारे यहां भी पूरा पैसा खर्च नहीं हुआ । इसलिये वहां पर भी आप व्यवस्था कीजिए । अगर पूरा पैसा खर्च नहीं हुआ तो किस वजह से ऐसा हुआ है इसको

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

देखिये और व्यवस्था ठीक करने के लिये आवश्यक कदम उठाइये ।

बाड़ोर जिले में शेरगढ़ तहसील में, अभी राजस्थान विधान सभा में प्रश्न इस बारे में उठा था कहा गया कि 200 आदमी भूख से मर गये। मैं इस बात को तो नहीं मानता कि भूख से मरे, लेकिन कुपोषण से जरूर मरे हैं क्योंकि उनको पूरा खाना नहीं मिला । इसके पीछे किसका हाथ है ? और जो दोषी लोग हैं जिनकी वजह से 55 आदमी मरे हैं उनके खिलाफ भी भारत सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिये । जो राज्य अपनी रियाया को पूरा भोजन न खिला सके....उनको पूरा न्यूट्रिशस फूड नहीं दिला सके, उन सारी व्यवस्थाओं को ठीक प्रकार से नहीं चला सके । आज उस तरह की स्टेट गवर्नमेंट्स के खिलाफ आपको कदम उठाने चाहियें । आप उनके कुपोषण की पूर्ति कराइये और उनको सारी सामग्री दिलाने की व्यवस्था कराइये । ऐसी व्यवस्था कराइये ताकि गरीब आदमी मैल-न्यूट्रिशन से मरे नहीं, वह जिन्दा रह सके ।

आपकी जो सैंट्रल एजेन्सीज हैं एक तो एस०टी०सी० है और एक पांडे जी ने एम० एम० टी० सी० बताई । इस प्रकार की जितनी भी एजेन्सीज हैं देश के लेबल पर, जिनमें अरबों रुपये का सामान यह मंगाती हैं, उनकी कोई न कोई पड़ताल आपको करनी चाहिये कि उनमें कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं हो रही है । उनका काम ठीक प्रकार से चल रहा है या नहीं ? हमारी सब स्टेट्स को उनके जरिये जितना सामान मिलना चाहिये, दालें, मिट्टी का तेल, रेपसीड आयल और अन्य प्रकार का सामान, वह ठीक मिल रहा है या नहीं ? जितनी उनकी आवश्यकता है, उसके अनुसार मिल रहा है या नहीं ? कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी तो नहीं है, यह आप अच्छी तरह देखिये और व्यवस्था को सुन्दर कीजिये ताकि श्रीमती इंदिरा गांधी के राज्य को लोग याद रखें कि इंदिरा जी के नेतृत्व में जितना भी सामान हम इकट्ठा करते हैं, वह ठीक प्रकार से वितरित होता है और उससे गरीब का भला होता है । इस तरह से गरीब इंदिरा जी के हाथ मजबूत करने में मदद करेंगे । हम पूरे लोग आपके साथ हैं । आप इंदिरा जी के हाथों को मजबूत करें और देश की व्यवस्था को माकूल बनाने में पूरी ताकत लगायें । इन शब्दों के साथ मैं इस मंत्रालय की डिमांडस का समर्थन करता हूं ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते (बम्बई उत्तर मध्य) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं विरोधी दल की ओर से बोल रही हूं, लेकिन मैं मंत्री महोदय को बताना चाहती हूं कि मैं एक कज्यूमर मूवमेंट की प्रतिनिधि हूं । मैं समझती हूं कि जैसे लोकतंत्र में eternal vigilance is the price to be paid for democracy, eternal vigilance is necessary to develop consumer movement.

कज्यूमर्स मूवमेंट चलाने वाले लोगों को सिर्फ पोलिटीकली विचार नहीं करना चाहिये, यह भी मैं मानती हूं । इसीलिये मैं याद दिलाना चाहती हूं कि जब जनता पार्टी का राज्य चल रहा था, मैं जनता पार्टी की सदस्य पहले से ही हूं, जब हमारी पार्टी का राज्य इस देश में चल रहा था तब भी बजट के जरिये खवामाखवाह दाम बढ़ाने की कोशिश हो रही थी, तो मैंने कज्यूमर्स का बहुत बड़ा जलूस निकालकर, उस समय भी इसका विरोध किया था । मुझे ऐसा लगता है कि अपनी पीठ बजाने से कोई फायदा नहीं होता है ।

जो हुआ है, वह हमने किया है और जो नहीं हुआ है, वह दूसरों ने नहीं किया है, मैं इसमें विश्वास नहीं रखती हूं । इसलिये मैं आपकी बात आपके सामने रखना चाहती हूं । आप यह न समझिये कि सिर्फ पोलिटिकली मोटिवेटेड हमारे चाजज हैं । आप उन पर विचार कर अपनी राय दीजिये ।

आपको कज्यूमर्स मूवमेंट को बलवान बनाना चाहिये, आपके हाथ में जितनी ताकत है उसका सहयोग देकर इसको बढ़ाने में मदद देंगे, ऐसी मैं आशा करती हूं ।

आज पूरे देश में बड़ा भारी अकाल है । पिछले हफ्ते सारे विरोधी दल के लोग इकट्ठे होकर एडजार्नमेंट मोशन इसलिये मांग रहे थे कि आज गरीब वर्ग की हालत बहुत खराब है । देश में लोग मर नहीं रहे हैं, लेकिन मृत्यु की रेखा पर बैठे हैं क्योंकि उनके पास खाना नहीं है । तमिलनाडु में पीने का पानी कम है, केरल में चावल ज्यादा चाहिये । महाराष्ट्र के 26 जिलों में से 20 जिलों में अकाल पड़ रहा है । आपके अन्दाज के मुताबिक अकाल होने के बावजूद भी 10 मिलियन टन अनाज ज्यादा होगा । आप पहले साल भी कह रहे थे कि अनाज ज्यादा हुआ है । अगर आपका यह कहना है तो आप लोगों को अनाज कहां दे रहे हैं ? आप अलग-अलग स्टेट्स को राजनीतिक विचार न करते हुए, दूसरी पार्टी का राज्य है तो भी वहां की जनता देश की जनता है, यह समझते हुए उनको ठीक प्रकार से अनाज पहुंचाने की व्यवस्था कहां कर रहे हैं, उसके बारे में मैं आपके सामने अपने विचार रखना चाहती हूं । 1978–79 में 132 मिलियन टन अनाज पैदा हुआ था । वह मैक्सिमम अनाज पैदा हुआ था और उस समय पर कैपिटा कंजम्शन 480 ग्राम था । आज 460 ग्राम ही रह गया है । जबसे ग्रीन रेवोल्यूशन हुआ है तब से आज सबसे कम फूडग्रेन का पर कैपिटा कंजप्शन है । हमारे देश के न्यूट्रिशन एक्सपर्ट श्री डी० सी० कोठारी ने कहा है कि 230 लाख बच्चे जो पैदा होंगे उनमें से 40 लाख पांच सालों में इसलिए मर जायेंगे क्योंकि उनको खाने के लिए पूरा अनाज नहीं मिलेगा । 30 लाख बच्चे अच्छे घरों में पैदा होंगे, उनकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन 160 लाख बच्चे मालन्यूट्रिशन की वजह से शरीर और दिमाग से कमजोर रहेंगे क्योंकि अकाल की स्थिति हो रही है ।

महाराष्ट्र में एम्पलायमेंट गारन्टी स्कीम शुरू हुई थी जिसका बाद में अन्य राज्यों ने भी अनुकरण किया । आज जनसंख्या को रोकने में, कारण जो भी हों, उतनी सफलता नहीं मिल सकी है । आज अकाल की स्थिति बनी हुई है । इसलिए फूड फार वर्क प्रोग्राम के लिए केन्द्रीय सरकार को दुगुना तिगुना अनाज देना चाहिए और राज्यों से कहना चाहिए कि वहां पर ऐसे कार्य किए जायें जिनसे भविष्य में अकाल की स्थिति पैदा न हो । महाराष्ट्र में तालाब और बांध बनाने की योजनायें हैं । आपने इस योजना के लिए जो अनाज का कोटा रखा है उसको दुगुना तिगुना करना पड़ेगा । एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम के अन्तर्गत आप अनाज देने की व्यवस्था कर सकते हैं । इस प्रकार से जो मालन्यूट्रिशन का सवाल पैदा हुआ है उसको भी थोड़ा बहुत हल कर सकते हैं ।

सरकार ने यहां पर बजट पेश करने से पहले पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के ऊपर 800 करोड़ के टैक्स लगाए । फिर आपने डूअल प्राईसिंग की घोषणा की ।

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

फिर आपने तालियों के साथ-साथ किरोसीन की कीमत घटाने की घोषणा की थी। मैंने ताली नहीं बजाई थी क्योंकि मैं एक ग्रहणी हूं और मुझे पता है कि पहले आपने 800 करोड़ बढ़ा दिए और फिर कम करने का बहाना किया। उसके बाद अब 19 पैसे ज्यादा देने पड़ेंगे।

1979 में जब जनता पार्टी का शासन नहीं रह गया था, आपने श्री चरण सिंह को शासन में बिठाया था उस समय से लेकर अब तक पांच बार पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाए जा चुके हैं। 1979 में आपको 880 करोड़ मिले जबकि अन्दाजा था 1,170 करोड़ मिलेंगे। उस के बाद 8-6-1980 को आप ने बढ़ाया— अन्दाज था कि 2466 करोड़ रुपया मिलेगा, लेकिन 2080 करोड़ मिला। उस के बाद 13-1-1981 को बढ़ाया, अन्दाज था कि 1600 करोड़ रुपया मिलेगा, लेकिन 1195 करोड़ रुपया मिला। उस के बाद 10-7-1981 को बढ़ाया और अब फिर बढ़ाया जिससे 800 करोड़ रुपया मिलेगा। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स हमारे देश के लिये बहुत आवश्यक चीज बन गये हैं। इन का दाम बढ़ाने से तमाम चीजों पर उस का असर पड़ता है। यातायात के दाम बढ़ जाते हैं, फ्रेटचार्जेज बढ़ जाते हैं, किसान का डीजल का खर्चा बढ़ जाता है। आप कहेंगे कि इस का सिविल सप्लाईज मिनिस्ट्री से क्या सम्बन्ध है ? आप का सम्बन्ध अनाज के साथ है, इस लिये इन चीजों के दाम बढ़ाने की जो नीति चल रही है उस का सीधा असर अनाज पर पड़ेगा, इस लिये इस पर आप को ध्यान देना चाहिये।

कहा गया है कि बहुत से लोग हाई स्पीड डीजल में मिट्टी के तेल की मिलावट करते हैं, इस लिये उस का दाम बढ़ाना जरूरी है। मेरी प्रार्थना यह है कि सरकार की नीति इस तरह की होनी चाहिये कि हाई स्पीड डीजल की कीमत कैरोसीन से भी कम रखें जिस से लोग मिलावट न कर सकें। इस नीति का दूसरा लाभ यह होगा कि अनाज की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। आप ने मिट्टी के तेल के दाम जो 10 पैसे बढ़ाये हैं, वे आप को वापस लेना चाहिये, क्योंकि आप ने पहले ही 9 पैसे बढ़ा दिये हैं। इस लिये आप ने 10 पैसे बढ़ा कर कोई अच्छा काम नहीं किया है।

अनाज के जो गोडाउन्ज आज देश में हैं उन की पूरी जांच होनी चाहिये। ता० 21 को महाराष्ट्र के सिविल सप्लाइज मिनिस्टर ने बतलाया कि महाराष्ट्र के गोदामों में अच्छी व्यवस्था न होने के कारण 16 करोड़ रुपये का अनाज खत्म हो गया।

It is not now fit for human consumption.

यह जवाब उन्होंने महाराष्ट्र लेजिस्लेचर की मीटिंग में दिया है। धूलिया में ज्वार का सत्यानाश हो गया, 75 लाख रुपये का नुकसान हुआ। परसों हरियाणा की बात भी सामने आई थी। अलग-अलग जगहों पर हम देखते हैं कि अनाज रखने का तरीका ठीक नहीं है—पिलफरेज होती है, चूहे खा जाते हैं, इन कारणों से एक तरफ तो अनाज कम होता है और दूसरी तरफ माल चोर-बाजारी में चला जाता है और तीसरी तरफ लोगों तक ठीक से नहीं पहुचता है। अन-फिट-फार-ह्यूमन-कंजम्पशन कह कर, जानवरों को देते हैं।

पिछले साल आप ने 4 मिलियन टन अनाज विदेशों से इम्पोर्ट किया। जनता पार्टी के राज्य के समय हमें ऐसा

लगता था कि आगे चल कर हम अनाज को एक्सपोर्ट करेंगे, लेकिन इस समय उल्टी बात हो गई है । आस्ट्रेलिया से आप ने जो गेहूं लिया है । उसके बारे में आस्ट्रेलियन गवर्नमेंट ने कहा था कि उस पर पेस्टीसाइडस स्प्रे किया गया है, इस लिये उस को धो कर खाना चाहिये । यह सवाल मैंने लोक सभा में उठाया, जबाब आ गया कि इसीलिये भीगा हुआ गेहू खरीदा है, लेकिन उस पर भी फंगस पैदा हो गया । बाद में खबर आई कि उस को किसी को नहीं देंगे लेकिन मेरा अनुभव यह है कि अलग-अलग राशन की दुकानों पर वह भीगा हुआ गेंहूं दिया गया । पिछले दिनों दिल्ली को राशन की दुकानों पर जो गेंहू दिया गया मैं उस का नमूना भी लाई थी, लेकिन बैलेट में नहीं आया इस लिये नहीं रख सकी ।

पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के लिये आप कहते हैं —1980 तक आप ने 2.81 लाख दुकानें खोलीं हैं । दुकानें तो आप ने खोल दीं, लेकिन उन पर राशन कहां है ? लोग उन दुकानों पर जाते हैं–एक बार में सब चीजें नहीं मिलती हैं, एक बार एक चीज मिल जाती है दूसरी बार दूसरी चीज मिल जाती है, 15 दिन खत्म हो जाते हैं लेकिन सारी चीजें नहीं मिल पातीं । बार-बार सरकार के पास लोगों को जा कर कहना पड़ता है कि हमें अनाज नहीं मिला है, इसलिये दूसरे समय में देने की व्यवस्था करें ।

दिल्ली शहर में चुनाव होने वाले थे । चुनाव का ऐलान होने के बाद हजारों की संख्या में लोगों को राशन कार्ड दिये गये और कहा गया कि सब को अनाज मिलेगा, लेकिन नहीं मिला । लोगों को राशन कार्ड तो दे दिये गये लेकिन दुकानों पर अनाज नहीं था । कहते हैं दिल्ली शहर में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का एक बहुत बड़ा हाजी मस्तान है, उस की 76 लाख रुपये की प्रापर्टी है । पुलिस ने उस को पकड़ा था, लेकिन आगे चल कर क्या हुआ मुझे पता नहीं है । लेकिन यह दिल्ली की हालत है, केपिटल की हालत है । राशन की दुकानों पर चीजें नहीं मिलती हैं । फेअर प्राइस शाप्स वाले फूड कारपोरेशन से अच्छी चीजें खरीद कर लोगों को गन्दी चीजें देते हैं । जो चीजें सरकार अच्छी देती है वह भी लोगों को नहीं मिल पाती है । इसके लिए मेरा एक सुझाव है कि आपको ऊपर से ले कर नीचे तक विजिलेंस कमेटियों की व्यवस्था करनी चाहिए । उनमें आपको व्यापारियों को नहीं लेना चाहिए, क्योंकि उनके वैस्टेड इन्ट्रेस्टस रहते हैं । इन विजिलेंस कमेटियों में आपको कंज्यूमर्स और गवर्नमेंट के रिप्रेजेन्टेटिव्ज को रखना चाहिए । इनमें मेन्यूफेक्चरर के रिप्रेजेन्टेटिव्ज भी हो सकते हैं ।

आपकी वनस्पति आयल की कीमत कौन तय करता है ? गवर्नमेंट और मेन्यूफेक्चरर मिल कर तय करते हैं । इसलिए आपको मेन्युफेक्चरर के प्रतिनिधियों को लेना चाहिए । इतने सालों से ये बातें चल रही हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है । अभी तक हम अपनी प्राइस पालिसी तय नहीं कर सकते हैं । मार्जिन आफ प्राफिट क्या होना चाहिए, इस बारे में भी कोई व्यवस्था नहीं कर सके हैं ।

कहा जाता है कि जगह जगह पर चोरी चल रही है । यहां कहा गया कि श्रीमती इन्दिरा गांधी अच्छी हैं, बाकी और लोग भी अच्छे होंगे लेकिन चोरों का समर्थन कौन लेता है ? इसी से हम अपनी प्राइस पालिसी को तय नहीं कर पाते । अगर आपको कंज्यूमर्स को फायदा

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

पहुंचाना है तो आपको कंज्यूमर्स मूमेंट को बढ़ाने के लिए मदद करनी पड़ेगी । आप कितना ही अच्छा काम करें, सरकार कितना ही अच्छा काम करे, लेकिन व्यापारी की नीयत को आप ठीक नहीं करते हैं तो लोगों को फायदा होने वाला नहीं है । इसलिए आपको कंज्यूमर कमेटिया बनानी चाहिएं ।

आज पूरे देश में गन्दा खाना खा कर कितने बच्चे अन्धे हो जाते हैं, मर जाते हैं । 40 हजार बच्चे अन्धे हो जाते हैं। इसलिए इसके लिए आपको कदम उठाने चाहिएं । यह सब काम करने के लिए आपको कंज्यूमर मूमेंट को खड़ा करना होगा । इसके लिए आप कदम उठाएं ।

जनता पार्टी के राज में खाद की कीमत कम कर दी गयी थी इसलिए हमारे देश में अनाज की पैदावार बढ़ी । उसके बाद फर्टिलाइजर की कीमत बढ़ने लगी जिससे फर्टिलाइजर की कंजप्शन कम हो गयी । इसी से हमारे देश की पैदावार पर असर पड़ा । आपने सिक्सथ फाइव इयर प्लान में 154 मिलियन टन का टार्गेट फिक्स किया है । आपका सिक्सथ फाइव इयर प्लान खत्म होने जा रहा है । आपने पिछले साल दस मिलियन कम का टार्गेट फिक्स किया । आप हम लोगों को 154 मिलियन टन अनाज नहीं दे सकते। बल्कि होना तो यह चाहिए था कि यह टार्गेट दुगना होना चाहिए था । यह टार्गेट कम से कम 200 मिलियन टन का होना चाहिए था जिसको कि पूरा करने के लिए लोग लगते ।

हमारे देश में अनाज कम क्यों हो रहा है ? इसलिए हो रहा है कि किसान को उसकी पैदावार की रेम्युनरेटिव प्राइस नहीं मिलती है । उसके इनपुट्स के दाम बढ़ रहे हैं, उसके हिसाब से उसको कीमतें नहीं मिलती हैं ।

मैं आपको याद दिलाना चाहती हूं कि कृषि मंत्री जी ने एक कालिंग अटेंशन के समय यहां पर यह मंजूर किया था कि अमेरिका से जो हम गेहूं मंगाते हैं उस पर 230 रुपये क्विन्टल का खर्च आता है जबकि हम अपने यहां के किसान को 142 रुपये देते हैं । इसीलिए आज किसान कम पैदावार कर रहा है । फर्टिलाइजर की कंज्म्पशन कम होती जा रही है । अगर आप किसान को उसकी पैदावार की रेम्युनरेटिव प्राइस नहीं देते तो किसान अपनी पैदावार को नहीं बढ़ायेगा ।

आज हमारे चीनी के कारखाने वाले कहते हैं कि वे बहुत क्राइसिस में हैं । शूगर इंडस्ट्री हमेशा क्राइसिस में रहती है । आज उनका यह कहना है कि वे गन्ने की कीमत नहीं दे सकते हैं । इंडस्ट्रीज बन्द हो जाएगी इसलिए गन्ने की कीमत कम कर दीजिए । आज ये लोग किसान का नाम लेते हैं । उस वक्त इन्हीं लोगों ने कहा था कि —"We release all this." मार्केट में फी कर दीजिए । इससे चीनी की कीमत कम हो गई । मैं खुद उस डेलीगेशन में थी । हम लोग किसानों के साथ थे । किसानों ने गन्ने की उचित कीमत की मांग की । सरकार ने कहा कि अगर मिल मालिक गन्ने की उचित कीमत नहीं देंगे तो सरकार देगी । लेकिन तब तक सरकार गिर गई । बाद में क्या हुआ आप सब जानते हैं । जब तक किसानों को रेम्युनरेटिव प्राइस नहीं देंगे तब तक आप किसान को अधिक अनाज पैदा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं कर सकेंगे ।

इंपोर्टेड फर्टीलाइजर का कोटा डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास मार्च तक नहीं आया । इससे वे जहां जहां डिस्ट्रीब्यूट करना चाहिए नहीं कर सकेंगे । जून तक किसानों को खाद मिल जाना चाहिए । किसानों को समय पर खाद मिल सके इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम आम जनता की भलाई के लिए चलाय जा रहा है । इसको किस प्रकार सुविधाजनक बनाया जाए इसके लिए आपको एक कमेटी बनाकर सोचना होगा । इस सिलसिले में महिला दक्षता समिति ने एक सेमीनार किया था । उसमें एक सुझाव दिया गया था कि इस तरह की एक बास्केट होनी चाहिए कि गरीब लोग जिस जगह पर काम करते हैं उनको वहीं पर उनकी जरुरत का सामान दिया जाना चाहिए । उनके लिए उचित दर की दूकानें वहीं पर खोली जानी चाहिएं । इसके लिए गांवों और शहरों के लिए अलग-अलग तरह की व्यवस्था करनी होगी । इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

आज कल होल सेल प्राइस इंडेक्स का और रिटेल प्राइस इंडेक्स का कोई संबंध नहीं है । होलसेल प्राइस 3.5 और रिटेल प्राइस इंडेक्स 9 85 प्वाइंट बढ़ता है । ऐसा क्यों है ? इसी प्रकार जब होलसेल प्राइस बढ़ती है तो रिटेल प्राइस फौरन बढ़ जाती है । दूकानदार कहता है कि होलसेल प्राइस बढ़ गई है। लेकिन जब होलसेल प्राइस कम होती है तो वही दूकानदार कहता है कि हमने पहले से खरीद रखा है इसलिए अभी हम कीमत कम नहीं कर सकते । इसको दूर करने के लिए आप कौन से कदम उठाने वाले हैं ।

अंत में एक बात और कहना चाहती हूं । कंज्यूमर्स आर्गनाइजेशंस को आपने पिछले साल सिर्फ 65000 के लगभग रुपए दिए थे । मैं भी एक आर्गनाइजेशन से संबंधित हूं । साल के शुरू में ही एप्लीकेशंस दे दी गई थीं । उस वक्त कहा गया कि अभी पालिसी तय नहीं हुई हैं, गाइड लाइंस नहीं आई हैं । दो चार महीने बाद दिल्ली-एडमिनिस्ट्रेशन में गए वहां से भी कोई जवाब नहीं आया । 15 मार्च तक कोई जवाब नहीं आया । इसके लिए पत्र भी लिखा है ।

आप कन्ज्यूमर्स आरगेनाइजेशन को मजबूत बनाना चाहते हैं लेकिन नाडार जैसी कन्ज्यूमर्स आरगेनाइजेशन बनाने की ताकत इस देश के लोगों में नहीं है । अगर हमें बनानी है तो सरकार को चाहिए कि वह पूरी तरह से मदद करे । इसके लिए आप कौन-कौन से कदम उठा रहे हैं ।

कल 31 मार्च है । आप कहेंगे कि हम सारा पैसा वापिस कर देंगे । आप ऐसा मत कीजिए बल्कि उनकी मदद करने की ओर ध्यान दें । कन्ज्यूमर्स मूवमेंट की बहुत जरूरत है । इसके लिए आप अवश्य कदम उठाइए । विजीलेंस कमेटी आप कब बनायेंगे और किस प्रकार के कदम उठायेंगे, यह मैं जानना चाहती हूं ।

एसेन्शियल कमोडिटीज एक्ट में आप छोटी-छोटी मिरची बेचने वालों को पकड़ते हैं लेकिन बड़ी मिरची वालों को कुछ नहीं कहते ।

श्री मधु दंडवते : बड़ी मिरची वालों को कोई हाथ नहीं लगाता ।

श्रीमती प्रमिला दंडवत : मेरी प्रार्थना है कि शुगर के बदले आनज इम्पोर्ट करके इस देश के भूखे लोगों को आनज देने की व्यवस्था करें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करती हूं ।

DR. KRUPASINDHU BHOI (Sambalpur): Hon. Deputy-Speaker, Sir, before I start my speech in this debate on the Demands for Grants of the Ministry of Food and Civil Supplies, after hearing the speeches preceding mine, those of Shrimati Dandavate and Shri Vyas, I am reminded of one thing. A major component of food management policies concerns procurement, public distribution, maintenance and operation of buffer stock etc., and the main responsibility of our Minister is to see that food is sent to the scarcity pockets, to the poor and downtrodden people, the middle classes and the other people in the areas hit by natural disasters. The main policy is of Jagannath Sanskriti. The main policy of food management is Jagannath Sanskriti. By seeing our dynamic Minister, I am reminded of one sloka:

सर्वेभवन्तु सुखिना सर्वेसन्तु निरामाया, सर्वे भद्राणि पश्यन्ति मा कश्चित दुःख भाग भवेत ।

So, my hopes and aspirations will not be exaggerated if Mr. Bhagwat Jha Ajad fulfils my demands. If you had heard his speeches when he was not a Minister, that is, when he was not in office, you will find that he believes in socialism. He believes in public distribution system, which is essential for the country and it is the moral obligation of the people in the Ministry to do it effectively.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Azad himself is a socialist; not a question of believing.

अभी हमारे डागा साहब ने भी अर्ज किया था कि नीति हमारी ठीक हैं । हम भी उस नीति के मानने वाले हैं जो आपने भुवनेश्वर में बनाई थी, जो हमने भुवनेश्वर में बनाई थी । कि टोटल स्टेट ट्रेडिंग इन फूडग्रेन । आपने उस पर अमल नहीं किया । आपने उस नीति को पास तो कर दिया, लेकिन आपकी नियत नहीं है । जब आप अपनी नीति बदलेंगे और नियत बदलेंगे तभी आप कामयाब होंगें । केवल दिखावे

के लिये आप 20 सूत्री कार्यक्रम बनाइये या 25 सूत्री बनाइये उससे काम चलने वाला नहीं है ।

कन्ट्रोल के कपड़े के बारे में दो शब्द इस लिये कहूंगा कि कंट्रोल का कपडा एन० टी० सी० के साथ-साथ हैन्डलूम सैक्टर को दिया गया । जब कामर्स मिनिस्ट्री की डिमांड्स आयेंगी उस वक्त मैं इसकी तफसील में जाऊंगा । यहां तो यह कहना चाहूंगा कि कंट्रोल का कपड़ा, जिसको जनता कपड़ा कहते हैं जो कि कोआपरेटिव के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की बात है, वह जनता तक नहीं पहुंच रहा है । वह कहां पहुंच रहा है ? हमारी कान्स्टीटुएन्सी बार्डर पर है । नेपाल के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार का बार्डर लगता है । यह कपडा हमारे देश की दुकानों पर न जाकर गांठ की गांठ और ट्रक के ट्रक नेपाल में चला जा रहा है ।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि गल्ला, खासतौर से गेहूं की बात में कहता हूं , चावल की नहीं , यह खुले आम नैपाल में जा रहा है । राशन और कंट्रोल का गेहूं खुले आम नेपाल में जा रहा है । हमारे श्री डागा ने इंस्पैक्टर्स की बड़ी दुहाई दी, उनकी खिंचाई भी करनी चाहिए थी लेकिन उनके पीछे कौन सी बातें हैं यह सब जानते हैं।

राशन की दुकानें पोलिटिकल प्रैसर पर दी जाती हैं । पोलिटिकल प्रैसर पर ही नहीं बल्कि पोलिटिकल हिस्से-दारी पर । मैं आपकी निगाह उस पर भी रखना चाहता हूं ।

प्रो० मधु दंडवते : नजरे इनायत पर ।

श्री अशफाक हुसैन: हमारे श्री दन्डवते जी ने ठीक ही हां कि नजरे इनायत पर दुकान बटती हैं । मेरा कहना है कि आप परवरिश कीजिये अपनी पार्टी के लोगों की लेकिन इस तरह से कीजिये जिससे जनता को कोई नुकशान न हो ।

(व्यवधान)

अगर में परवरिश करता रहता, तो आपके साथ ही रहता । मैंने यही सही बात कही है, आप सदन में नहीं कह पायेंगे लेकिन बात सही है ।

खाना पकाने की गैस एंसशियल कमोडिटीज में नहीं आती, आप कहेंगे, कि हमारे सबजैक्ट में नहीं है, लेकिन मिडिल क्लास के लोगों को खासतौर से शहर के लोगों को इस पर निर्भर रहना पड़ता है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि खाना पकाने की गैस भी सही तरीके से तक्सीम की जानी चाहिए । इसको भी एसेंशियल कमोडिटी मान कर चलना चाहिए ।

एक माननीय सदस्य ने सस्ती कापियों की बात कही है । सस्ती कापियां आजकल खिलवाड़ बनकर रह गई हैं । दामों में बहुत कम फर्क रह गया है । इसका शिक्षा मंत्रालय से सम्बन्ध है, इस बात को मैं मानता हूं लेकिन आप इसको एसेंशियल कमोडिटीज ऐक्ट के अन्तर्गत लाइये इसलिए मैं यह कह रहा हूं ।

अन्त में मैं फिर इस बात को दोहराना चाहूंगा कि आप गन्ना किसानों की दशा की ओर ध्यान दें । आप इस बात का इन्तजाम करें कि उनका सारा गन्ना पेरा जा सके । गन्ना किसानों की एक और भी समस्या है। क्शर के जरिए से जो गन्ना

[श्री आशफाक हुसन]

पेरा जाता है या जिस गन्ने का गुड़ बनता है उसके लिए किसानों को 10-12 रुपए क्वींटल का दाम ही मिलता है। इसकी तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए। मेरे एक सवाल के जवाब में आपने कहा था कि केवल आंध्र प्रदेश में ही इस सम्बन्ध में कुछ पाबन्दी लगाई गई है। वहां पर ऐसे गन्ने का एक मिनिमम दाम तय किया गया है। मैं चाहूंगा पूरे देश में जो क्रशर के जरिए गन्ना पैरा जाता है या जिस गन्ने से गुड़ और खण्डसारी बनाई जाती है उसका मिनिमम दाम तय किया जाना चाहिए। पूरे देश के लिए नहीं तो कम से कम उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए ऐसा होना चाहिए। अगर बिहार के लिए भी आप ऐसा न करना चाहें तो कम से कम उत्तर प्रदेश के लिए जरूर कोई कीमत मुकर्रर कर दें।

यह चन्द समस्यायें थीं जिनकी तरफ मैं मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता था। एक बार फिर मैं इंट्रेस्ट की तरफ आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं। अगर 14 दिन के बाद किसानों को इन्ट्रेस्ट मिलता रहे तो मिल वाले किसानों को गन्ने का दाम सही वक्त से देने के लिए मबूजर हो जायेंगे क्योंकि मीटर चलता रहेगा। इसलिए आप मीटर चलाईये ताकि उनको समय पर दाम मिल सके। इसके साथ-साथ आप इस बात की भी हिदायत दीजिए कि जब तक किसानों का पेमेन्ट न हो जाए तब तक किसानों के खिलाफ कुर्की और वसूली भी रोकी जाए। आज की जो हालत है उसमें एक तरफ तो आप किसानों का पेमन्ट नहीं करते हैं और दूसरी तरफ उनसे खाद और पानी की डयूज की वसूली करवाई जाती है और बिजली के कनेक्शन भी काट दिए जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं आपका बड़ा आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया ताकि मैं गन्ना किसानों की समस्याओं को इस सदन के सामने रख सकूं।

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : सभापति जी मैं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय से सम्बन्धित अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं। मैं ऐसा मानता हूं कि यह वह मंत्रालय है जिसका सीधा सम्बन्ध इस देश की जनता से है और उसके जीवन से है। गरीब हो या अमीर, छोटा हो या बड़ा बालक हो या बूढ़ा स्त्री हो या पुरुष उनके लिए खाना और आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई की जिम्मेदारी और दायित्व इस मंत्रालय पर ही है। जिस प्रकार एक अर्से से समय-समय पर इस सदन में और इस सदन से बाहर भी रेलवे बोर्ड की आलोचना होती रही है और वह एक सफेद हाथी बताया जाता रहा है उसी प्रकार से भारतीय खाद्य निगम की भी आलोचना होती रही है। मैंने पक्ष और विपक्ष के साथियों को सुना है और मैं समझता हूं सभी ने भारतीय खाद्य निगम की कार-गुजारियों और उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार की आलोचना की है। मैं आज अपने नेता और भारत की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने श्री भागवत झा आजाद जैसे एक सुयोग्य और सक्षम मंत्री के मजबूत कन्धों पर इस मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे पूरा विश्वास है, जैसा उन्होंने पिछले हफते राज्य सभा में एक ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में कहा था मैं इस मुल्क में चीजों

की, आवश्यक वस्तुओं की, कीमतों को नहीं बढ़ने देंगा और यह बतलाते हुए मुझे गर्व हो रहा है उन की इस सिंह-गर्जना के साथ ही गेहूं के दाम, जो उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली में 300 और 325 रुपये क्विंटल थे, 80 से 90 रुपये क्विंटल टूट कर 210 और 215 रुपये क्विंटल हो गये। मुझे पूरी आशा है—यदि उन्होंने इसी मुस्तैदी से, इसी हिम्मत से, इसी हौसले से काम किया तो शीघ्र ही एफ०सी०आई० और जो ऐसे दूसरे ईशूज हैं—वितरण प्रणाली से सम्बन्ध रखने वाले, जिन की इस सदन में आलोचना होती रही है, शायद अब किसी को इस तरह की आलोचना का मौका नहीं मिलेगा।

कुछ बातें ऐसी हैं जिन की तरफ आप के माध्यम से मैं इस माननीय सदन और इस देश की जनता का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। देश में ये जो धंधा करने वाले व्यापारी हैं, गल्ले के आढ़तिये और थोक-विक्रेता हैं वे आज बड़े सुनियोजित ढंग से, कानून की आंखों में धूल झोंक कर, सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से, काला-धंधा कर रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश से चालक के ट्रक-के-ट्रक बिहार में तस्करी के रूप में जा रहे हैं . . .

SHRI AMAL DATTA (Diamond Harbour): On a point of order. Such an imporant debate is going on in the House, and there is no quorum. Only eighteen Members are present.

MR. CHAIRMAN: The hon. Member may resume his seat because the quorum is being challenged. Let the bell be rung. ....Now there is quorum; the hon. Member may continue his speech.

श्री चन्द्रपाल शैलानी : श्रीमन् मैं यह निवेदन कर रहा था कि बहुत बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश से बिहार में चावल की तस्करी हो रही है। काला धंधा करने वाले लोग, व्यापारी लोग कानून की आंखों में धूल झोंक कर बड़ी शान से इस काम को कर रहे हैं। वैसे तो चावल के लिए सारा देश एक जोन है लेकिन चावल लेवी के रूप में जो देना पड़ता है उसके लिए ये चालाक व्यापारी लोग दिल्ली से ट्रकों के कागजात तैयार कराते हैं और गलत कागजात तैयार कराते हैं जिनका कि कहीं पर सत्यापन या वेरीफिकेशन नहीं होता और उन कागजातों के आधार पर उत्तर प्रदेश के जिलों से चावल की तस्करी करते हैं। इनको पुलिस भी रोकने में असमर्थ है। उत्तर प्रदेश की विधान सभा में इस बारे में सवाल भी उठा था और हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी ने केन्द्र सरकार से तस्करी रोकने के लिये तुरन्त कदम उठाने के बारे में कहा था। इस तरह की तस्करी बड़े जोरों से चल रही है। इसको रोकने के बारे में जल्दी से जल्दी प्रभावी कदम उठाये जाने चाहिए।

यही नहीं, हमारे उत्तर प्रदेश का जो इलाका नेपाल से लगा हुआ है, जिसे पीलीभीत, लखीमपुरखीरी, गोरखपुर, देवरिया आदि इन इलाकों से नेपाल के लिये चावल और गुड़ की तस्करी धड़ल्ले से की जा रही है और उच्चाधिकारी इसे रोकने में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। चावल और गुड़ की तस्करी करने के लिए एक बड़ा गिरोह है जो नेपाल के लिए उसी तरह से काम कर रहा है जिस तरह नेपाल से भारत के लिये कपड़ा, घड़ियां, टार्च, टेपरिकार्डर, ट्रांजिस्टर तथा अन्य वस्तुएं तस्करी कर के भारत में लाने के लिए एक गिरोह सक्रिय है।

श्रीमन चावल की तस्करी में बताया जाता है कि खाद्य निगम के अधिकारियों

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

का आशीर्वाद प्राप्त है । धान मिल-मालिकों की इस गिरोह से सांठगाँठ है । इस तस्करी में पुलिस की भी मिलीभगत रहती है ।

श्रीमन् खाद्य निगम के बारे में बहुत सी शिकायतें यहां की गई हैं । बहुत से माननीय सदस्यों ने उसकी कार्यवाहियों पर प्रकाश डाला । इस सम्बन्ध में मैं उनकी बातों को दोहरा कर सदन का समय नहीं लेना चाहता । मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि भारतीय खाद्य निगम जैसी जो सरकारी एजेन्सियां हैं वे किसानों से गेंहू खरीदती है । इसकी ए०बी०सी० श्रेणियां नहीं होनी चाहिए। गत वर्ष आपने जो 142 रुपये गेंहु का भाव घोषित किया था, उसमें होता यह था कि जब गेंहू एफ०सी०आई० के केन्द्र पर किसान लाता तो उसको एक-एक हफ्ते तक वहां पर रहना पड़ता और इतने दिन तक उसको कोई नहीं पूछंता था। हमारा दुर्भाग्य था कि पिछले साल बरसात की वजह से गेहूं कुछ खराब हो गया था, लेकिन फिर भी किसान से सीधा गेहूं नही खरीदा गया । एफ०सी०आई० के कर्मचारियों की मिली भगत से आड़तियों के माध्यम से गेहूं खरीदा गया । गेहूं की जो तीन श्रेणियां तय की गई उनमें प्रथम श्रेणी का गेहूं 142 रुपए प्रति क्विंटल, दिवतीय श्रेणी का 140 और तृतीय श्रेणी का 138 रुपये प्रति क्विंटल के भावसे खरीदा जाता था इसके बादये तीनों तरह का गेंहू एक ही गोदाम में रख दिया जाता । इसका लाभ न तो किसान को मिलता है और न कंजूमर्स को मिलता है । फेयर प्राइस शाप से सारा गेहूं एक ही कीमत पर बेचा जाता है । फिर ये तीन श्रेणियां रखने का क्या औचित्य है । इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

गेहूं का मूल्य अभी तक घोषित नहीं किया गया है । फसल आ गई है और किसान नहीं सोच पा रहा है कि उसको सरकार को बेचे या आढ़तियों को बेचे । किसान की इस परेशानी को दूर किया जाना चाहिए । फसल के समय ही किसान अपनी जरुरत की चीजों को खरीदता है। इसलिए मूल्य जल्दी घोषित किया जाना चाहिए ।

ए० पी० सी० में किसानों के बराबर प्रतिनिधित्व है । आज देश में साइकल, फ्रिज, टेलीविजन आदि बनाने वाले अपने सामान की कीमत स्वयं निश्चित करते हैं किन्तु किसान अपने उत्पादों की कीमत स्वयं तय नहीं करता । इसलिए मेरा आग्रह है कि ए० पी० सी० में किसान का उचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए । इस दिशा आवश्यक और शीघ्र कदम उठाए ज चाहिए ।

एफ०सी०आई० की स्थापना उपभोक्ता और किसान की भलाई के लिए की गई थी । आज उपभोक्ता और किसान का सबसे ज्यादा शोषण एफ सी आई के द्वारा ही हो रहा है। भ्रष्टाचार की बहुत सी बातें यहां बताई गई है मैं उनको दोहराना यहां नहीं चाहता । पिछले दिनों देखने में आया है कि गल्ले के रिजर्व भण्डार में बहुत कमी आई है । पिछले वर्ष गेहूं की रिकार्ड वसूली हुई थी इसके बाव-जूद भी खाद्य निगम के सुरक्षित भण्डार में कमी आई है । कृषि मंत्रालय के विशेषज्ञों

का कहना है कि सुरक्षित भण्डार में हर समय एक करोड़ 80 लाख टन अनाज रहना चाहिए । इस समय लगभग 60 लाख टन अनाज कम है। खाद्य विभाग के सूत्रों से पता चला है कि सुरक्षित भण्डार की पूर्ति के लिए ही सरकार द्वारा अमरीका से 40 लाख टन गेहूं का आयात किया गया है । इन बातों का सरकार को बड़ी गंभीरता से मनन करना चाहिए और समाधान निकालना चाहिए ।

वितरण प्रणाली के संबंध में भी यहां पर पक्ष और विपक्ष की ओर से बहुत सी बातें कहीं गई । मेरा निवेदन यह है कि आम आदमी को इसका लाभ पहुंचाने के लिए इसके ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है । सस्ते दर की दूकानें प्रइवेट लोगों को एलाट की जाती है और इसलिए उपभोक्ता तक वस्तुएं नहीं पहुंच पाती । सब बीच में हो तय हो जाता है । देहातों में जो दूकानें हैं उनके मालिक तो कर्मचारियों से ही पर-संटेज लेकर चले जाते हैं । देहात के लोगों को शक्कर चावल तेल इत्यादि कुछ नहीं मिल पाता है ।

मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्हें वितरण प्रणाली के ढांचे में आमूल –चूल परिवर्तन करना चाहिये । इसका लाभ पहाड़ पर रहने वाले, आदिवासियों सुदूर जंगल में रहने वाले और विद्यार्थियों को मिलना चाहिए ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । हमारे उत्तर प्रदेश में तथा दूसरे सूबों में हाई स्कूल और इन्टर मीडिएट बोर्ड की परिक्षाएं चल रही हैं। विद्यार्थियों को मिट्टी का तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने से बड़ी भारी परेशानी है । यह विषय इसी मंत्रालय के अन्तर्गत आता है । देहातों में बिजली भी न के बराबर है क्योंकि वहां बिजली के खम्भे लगे हुए हैं लेकिन बिजली नहीं पहुंचती है। मेरा निवेदन है कि गरीब परिवार के छात्र – छात्राओं की दयनीय हालत पर तरस खाएं और जितनी जल्दी हो सके प्रान्तों की सरकार और जिला प्रशासन को हिदायत दें कि वे मिट्टी का तेल सप्लाई करे । यह अभियान चलाएं कि जब तक विद्यार्थियों की परीक्षाएं समाप्त नहीं होगीं तब मिट्टी के तेल में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आयेगी ।

एक बात डागा साहब ने मिलावट के बारे में कही थी। मिलावट को मैं कत्ल और मर्डर जैसे भयंकर अपराध से कम नहीं समझता । मैं सरकार से मांग करता हूं कि जो लोग खाद्य पदार्थों में मिलावट करने के दोषी पाए जाएं उनको वही सजा दी जाए जो दफा 302 के अन्तर्गत कत्ल करने वाले अभियुक्त को दी जाती है। इस देश में जनता के साथ एक नाटक खेला जा रहा है लेकिन मिलावट करने वाले लोगों पर अभी तक अंकुश नहीं लगा है। गेंहूं, चावल वनस्पति और चीनी और ऐसी चीजें हैं जिनको हरेक इन्सान एस्तेमाल करता है और जब इन चीजों में मिलावट होगी और जन-जीवन के साथ खिलवाड़ होगा तो क्या स्थिति होगी ? अभी हमारे विरोधी दल के लोगों ने कहा कि भूख से काफी लोग मरे हैं । मैं समझता हूं भूख से आज कल कोई भी नहीं मरता.. (व्यवधान) ..... जब मैं देखता हूं कि सड़क पर सफाई करने वाला या जूतों की मरम्मत करने वाला या खोमचे लगाकर बेचने वाला ट्रान्जीस्टर रखकर सुनता है और टेरीकाट के कपड़े पहनता है तो मैं इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हूं कि इस देश में भूख से मौत होती है । ..... (व्यवधान)

SHRI K. MAYATHEVAR (Dindigul): I am not against that. Nineteen persons

[Shri K. Mayathevar]

died of starvation in Tamil Nadu last week.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): It was raised in the House itself.

SHRI K. MAYATHEVAR: It was a case of gross mismanagement by Tamil Nadu Government.

MR. CHAIRMAN: We are not discussing Tamil Nadu Budget here now.

श्री चन्द्रपाल शैलानी : हमारे कुछ विरोधी पक्ष के लोग कुछ अखबार वाले हमारी सरकार को बदनाम करने का प्रोपोगंडा करते हैं कि इस देश में भूख से मौत होती है ।

खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए सरकार को विशेष कानून बनाना चाहिये । केवल कानून बनाकर ही काम नहीं चलने वाला है । क्यों ? इस देश में छुआछूत समाप्त करने के लिए कानून बना हुआ है और भी बहुत सी बुराइयों को समाप्त करने के लिए कानून बने हुये हैं, दहेज को भी समाप्त करने के लिए कानून है, लेकिन जब तक उस पर अमल नहीं नहीं किया जाएगा तब तक उस कानून की कोई कीमत नहीं है ।

अन्त में मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो भी मिलावट के लिए दोषी पाया जाये उसको किसी भी कीमत पर न छोड़ा जाए क्योंकि वह हजारों लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करता है और यह एक अमानवीय कार्य है, गलत काम है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती बरती जाय और किसी भी कीमत पर चाहे राजनीतिक या आर्थिक दबाव पड़े, उसके सामने सरकार को नहीं झुकना चाहिये, और जो लोग मिलावट के लिए दोषी पाये जायें उनको सख्त सजा देकर सबक सिखाया जाए ताकि आइन्दा जन-जीवन के साथ खिलवाड़ न कर सकें ।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी): सभापति जी, मैं मंत्री जी को डायनेमिक आदमी मानता हूं और 1967 से मैं देख रहा हूं जब से मैं लोक सभा में हू हमेशा डाउन ट्रोडन का जब भी सवाल उठता है उसको उन्होंने हमेशा मजबूती से सम्हाला है । लेकिन आज जब फूड पर डिबेट हो रही है उस समय स्थिति इतनी गम्भीर है, प्रधान मंत्री ने स्वंय कहा है कि देश की आबादी का तीन चौथाई हिस्सा अकाल और सूखे से पीड़ित है । केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, और बिहार की तो यह स्थिति है कि 32 जिलों में से 26 जिले अकाल से पीड़ित हैं और पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा की स्थिति भयावह है । जो इलाका अन्न पैदा करने वाला था तमिलनाडु उसकी भी हालत बुरी है । यह गम्भीर स्थिति है इसको सम्हालने के लिए मंत्री जी के दिल में दर्द जरूर है । लेकिन आप फूड मिनिस्टर बना दिये गये, लेकिन जब फूड ही नहीं होगा तो सप्लाई कहां से करेंगे ? मैं आपको बताना चाहता हूं कि देश में स्थिति क्या है ? ग्रीन रिवोल्यूशन का युग समाप्त हो गया, हरित क्रान्ति का युग होता तो आपके प्लान के अनुसार 3 साल में 6 लाख हैक्टर जमीन में सिंचाई की व्यवस्था की है, और 50 लाख हैक्टर पहले हुई थी । तो 56 लाख हैक्टर में सिंचाई की व्यवस्था है, इसके अलावा फर्टिलाइजर्स अच्छे बीज, कीटनाशक दवाओं का इस्ते-

माल भी बढ़ा है, फिर भी कृषि की पैदावार घट रही है । ऐसा क्यों है, यह सोचने वाली बात है । आपका ही ऐलान है कि हमारी हुकूमत होगी तो हम जमीन भूमिहीनों में बांटेंगे । क्या हो गया उसका ? आज हालत यह है कि जमींदारों की भारी जमीन जो आपके राज्य हैं, बांटी नहीं जा रही है । जमींदारों ने बेनामी पट्टे करके अपनी जमीनों को कानून से बचा लिया है । इसलिए बेसिक सवाल यह है कि अगर आप चाहते हैं कि देश में पैदावार बढ़े तो भूमि का वितरण होना चाहिये । और जिन किसानों को भूमि देते हैं उनको सारी सुविधायें दीजिए ताकि पैदावार बढ़ा सकें । लेकिन ऐसी व्यवस्था अभी नहीं है ।

हिन्दुस्तान में कुछ इलाके, जहां आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा है जैसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से, यह राज्य लगातार डेफिसिट स्टेट्स रही हैं । आप आंकड़े देख लीजिए । जो राज्य डेफिसिट में रहा है, आज तक उसके लिए आपने कौन सी ऐसी योजना बनाई है ? बिहार को आप जानते हैं, उपजाऊ है, पानी है, लेकिन उसके बावजूद भी वहां अकाल पड़ रहा है और अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हो पायी है । जो अभावग्रस्त इलाके हैं, जहां आबादी के बहुत कम लोग रहते हैं, उनके लिए आपने कोई कदम नहीं उठाया है । इसमें आपको बेइन्तहा फेल्योर है । इसकी तरफ आपको ज्यादा ध्यान देना चाहिये ।

अब मैं आपकी प्रोक्योरमेंट पालिसी की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं । मैं पश्चिमी जर्मनी और सोवियत यूनियन घूमने गया था । वहां 30 वर्षों से लगातार एसेन्शियल कमोडिटीज के दाम एकदम स्थिर हैं । चाहे गांव में जाइये चाहे शहर में जाइए लेकिन वहां ऐसी स्थिति नहीं है । यहां लगातार मांग हो रही है कि आप प्रोक्योरमेंट पालिसी को बदलिए, अन्न उपजाऊ नीति को बदलिए । प्राइवेट बिचौलियों को जो आप रखे हुये हैं, उनको खत्म कीजिए । आप यह नीति अपनाइए कि फूड-ग्रेन का होलसेल ट्रेड सरकार अपने हाथ में ले । आपने कौटन का और तम्बाकू का एक्सपैरीमेंट किया है, उसके नतीजे अच्छे निकले हैं, फिर आप घबड़ाते क्यों हैं कि फूड-ग्रेन का ट्रेड अपने हाथ में नहीं लेते ? आपको एलान करना चाहिये कि क्या दिक्कत इसमें आपको है ?

उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को देखिए, बिहार में गन्ने की 32 मिलें हैं, लेकिन वहां हालत यह है कि आपके राज्य में और जनता पार्टी के राज्य में भी किसानों का गन्ना खड़ा रहा गया, उनको जलाना पड़ा । आज भी वही स्थिति हो रही है । गन्ने की कीमत जो सरकार ने एलान की है, वह गन्ना उत्पादकों को नहीं मिल रही है इससे किसानों को नुकसान हो रहा है । आपकी सरकार आंख मूंदे बैठी हुई है, कोई ध्यान नहीं दे रही है । लगातार लोक सभा में कहा जा रहा है कि इसकी ओर ध्यान दीजिए ताकि गन्ना किसानों को प्रेरणा मिल सके । यह बात बहुत जरूरी है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना चाहिये लेकिन यह दिया नहीं जाता है । सादे और बीज का दाम बढ़ रहा है और दूसरी चीजों का भी दाम बढ़ रहा है । जनता पार्टी में और आप में कोई फर्क नहीं है आपकी भी किसान विरोधी नीति है और जनता पार्टी की भी यही नीति रही है । आप उनको लूट रहे हैं । किसान जो पैदा करता है, उसका कम दाम आप उसको देते हैं और जो चीजें किसान खरीदने जाता है, उसका दाम बढ़ता जा रहा है ।

[श्री कमला मिश्र मधूकर]

आपने नई आर्थिक योजना की बात कही है । आपने कहा है कि साम्राज्यवादी देश लूट करते हैं । आप अपने देश में पूंजीपतियों के इशारे पर किसानों को लूट रहे हैं, इसकी ओर आपको कदम उठाने चाहियें ।

आप गेहूं के दाम तय कीजिए । किसी माननीय सदस्य ने इसकी मांग की है और सही कहा है कि गेहूं की कीमत 175 रुपए प्रति क्विंटल होनी चाहिये । इस बात को आप सोच लीजिए कि जो लागत लग रही है उसका कितना परसेंट आप किसानों को लाभ देने जा रहे हैं ?

साथ ही साथ जो इलाके डैफिसिट कहलाते हैं, उसके लिए विशेष प्रोग्राम बनाइए । आपने अन्न बाहर से मंगाया, कई सदस्यों ने कहा कि इसका दाम देना पड़ता है । 204 रुपए क्विंटल, क्या इसको रोका नहीं जा सकता है ? क्या किसानों का इन्सेंटिव नहीं दिया जा सकता है ? मैं बताना चाहता हूं कि आज सोवियत यूनियन की आबादी 26 करोड़ है और वह 20 करोड़ टन पैदा करता है । पर कैपिटा अन्न 800 के० जी० है और यहां पर 200 के० जी है । एफ० सी० आई० को रहना चाहिये--मैं इस बात को मानता हूं । आलोचना का मतलब यह नहीं है कि एफ० सी० आई० को खत्म कर दिया जाये । आलोचना का मतलब यह होना चाहिये कि एफ० सी० आई० में फैले हुये दुर्गुणों को रोका जाए । पांडे जी ने बहुत से प्वाइन्ट कहे हैं, एक प्वाइन्ट मैं भी कहना चाहता हूं । एफ० सी० आई० के गोदामों में मई में अन्न रखा जाता है और सितम्बर, अक्तूबर में निकाला जाता है । मौसम के चलते अन्न का वजन वहां बढ़ जाता है । आपने वहां पर मान लीजिए रखा 50 टन और निकाला भी 50 टन लेकिन वजन बढ़ जाने से जो अनाज बचता है वह कहां जाता है ? उसको अधिकारी हजम कर जाते हैं ।

मैं आपके सामने एफ० सी० आई० की जो हालत है उसको ब्यान करना चाहता हूं । एक कर्मचारी जिसका नाम है ठाकुर खुशी राम, उसके केस को आप भी जानते हैं 6 एम पीज ने ज्वाइन्टली दरख्वास्त दी और डेलिगेशन मिला लेकिन आज तक ठाकुर खुशी राम का मामला हल नहीं किया गया है । आपकी इजाजत होगी तो सभा पटल पर मैं इसको रख दूंगा ।

जहां तक मांग और सप्लाई का संबंध है पांडे जी ने बताया है कि कितने करोड़ के अनाज का स्टोरेज ट्रांसपोर्ट और पिलफ्रेज में नुकसान हो जाता है । केवल 1980-81 में 74 करोड़ का घाटा हुआ--स्टोरेज और ट्रांशिपमेंट में । अकेले स्टोरेज में ही 44 करोड़ का घाटा हुआ । यह घाटा सारे देश का हो रहा है । इसलिए एफ० सी० आई० को चुस्त दुरुस्त करने के लिए कदम उठाये जाने चाहिये । इस सम्बन्ध में आप जो भी कदम उठायेंगे उनका हम समर्थन करेंगे ।

आप जो भेदभाव की नीति बरतते हैं उसके सम्बन्ध में भी मुझे कुछ कहना है । पश्चिम बंगाल तथा अन्य राज्यों में जहां पर गैर-कांग्रेसी सरकारें हैं, उनसे आप आवागमन के लिए चार्ज करते हैं लेकिन यहां पर दिल्ली में नहीं चार्ज करते हैं--इसका क्या कारण है ? दूसरी बात यह है कि आपने यहां लोक सभा में तो कह दिया कि पश्चिम बंगाल सरकार को इतना अन्न दे दिया लेकिन ऐसी मैनोवरिंग की जाती है जिसके जरिए वह कोटा टाइम पर नहीं पहुंचता है । जो इस प्रकार का भेदभाव होता है उसको समाप्त किया जाना चाहिये ।

जहां तक बिहार का सम्बन्ध है, आप स्वयं जानते हैं कि बिहार में अकाल की स्थिति है और वहां की सरकार मांग कर रही है कि हमें इतना अनाज दिया जाये, वहां के फूड मिनिस्टर ने मेमोरैंडम भी भेजा हुआ है लेकिन आप अन्न देने से कतरा रहे हैं, आप कहते हैं कि हम क्या करें ।

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : अभी एक्स्ट्रा दे दिया है ।

श्री कमला मिश्र मधुकर : अभी उड़ीसा में साइक्लोन आया था, हम वहां पर गए थे, 8 जिलों का हमने दौरा किया । फिर वहां पर अकाल पड़ गया और सूखाड़ से भी प्रभावित है लेकिन आप यहां पर बना बनाया उत्तर दे देंगे । दूसरों के साथ-साथ आपकी पार्टी के लोगों ने भी यहां पर कहा है कि बफर स्टाक को बढ़ाना चाहिये । इसके लिए आप कौन से कदम उठाने जा रहे हैं ? मार्केट में अब ग्रेन आने वाला है लेकिन जब तक आप ठीक से पर्चेजिंग नहीं करेंगे तब तक बफर स्टाक पूरा नहीं होगा ।

आप कहते हैं—राज्य सरकारें वसूली नहीं करती हैं । आप के पास कोई ऐसा कानून या नियम है या नहीं, कोई ऐसी व्यवस्था आप कर सकते हैं या नहीं, कि राज्य सरकारें भी वसूली में आप के साथ सहयोग करें, जिस से कि आप अपनी जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर थोप कर बच न जायें ?

अन्तिम बात—आज आप ने जिस विभाग की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली हैं, उस की हालत क्या है ? हमारे यहां एक कहावत है—एक साधू बाबा थे । उन्होंने क्या किया कि अपने तमाम चेलों को न्योता दिया । किस लिये—खीर खाने के लिये, । जब चेले खाने के लिये बैठे तो खीर के बदले खिचड़ी परोसी गई । लोगों ने पूछा—हम तो खीर खाने आये थे । बाबा जी ने कहा—होख पंचे भकोसू । अगर एलर्ट नहीं रहेंगे तो आप की व्यवस्था भी ऐसी ही होगी । यदि आप का प्रशासन दुरुस्त नहीं होगा तो जनता के सामने आज जो सवाल हैं वे और ज्यादा भयावह स्थिति में पहुंच जायेंगे और आप परिस्थिति का मुकाबला करने में मुकम्मिल रूप से फेल कर जायेंगे । तब आप की जो पहले की कथनी और आज की करनी है हम लोगों को बाध्य हो कर उस की आलोचना करनी पड़ेगी । ऐसी स्थिति पैदा न हो, इस लिये आप एफ० सी० आई० को मजबूत कीयजये तथा अन्य कठिनाइयों का समाधान कीजिये ।

इन शब्दों के साथ मैं आप के विभाग की मांगों का विरोध करता हूं ।

***श्री शान्तु भाई पटेल :** (साबरकंठा) : माननीय सभापति जी, सदन के सामने खाद्य व नागरिक पूर्ति विभाग की जो मांगे रखी गई हैं, उनका समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं ।

इस रपट में बताया गया है कि देश में अन्न, खाद्य तेल, मिट्टी का तेल आदि किस प्रकार से वितरित किया जाता है । इस को पढ़ने से लगता है कि....

MR. CHAIRAN: Have you given previous intimation to the Interpreters, because I find that no translation is....

SHRI SHANTUBHAI PATEL: Yes, I have given....

*The original speech was delivered in Gujarati.

सभापति महोदय : आपने शायद पहले सूचना नहीं दी है । आपको पहले सूचना देनी पड़ेगी ताकि जो आपकी भाषा जानने वाले हैं, वे इन्टरप्रेट कर सकें । आप हिन्दी में या अंग्रेजी में बोल सकते हैं ।

श्री शान्तु भाई पटेल : बैठा है । हम हिन्दी में कम बोल सकते हैं । नागरिक पूर्ति विभाग की जो मांगें पेश की गई हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं । नागरिक पूर्ति विभाग के द्वारा सरकार अन्न, खाद्य तेल, मिट्टी का तेल, सीमेंट जैसी आवश्यक चीजें जनता तक पहुंचाने का बड़ा महत्वपूर्ण कार्य करती है । इस प्रकार सरकार का यह विभाग बड़ा महत्वपूर्ण विभाग है । हमारा देश बहुत बड़ा है, देश की जनसंख्या भी बहुत बड़ी है । ऐसी स्थिति में जनता को आवश्यक चीजें पहुंचाना बहुत कठिन कार्य है । फिर भी नागरिक पूर्ति विभाग इस काम को अच्छी से अच्छी तरह करने की कोशिश कर रहा है । इस के लिए मैं मंत्री जी को बधाई देता हूं ।

आवश्यक चीजों की जो वर्तमान वितरण व्यवस्था है, उस में परिवर्तन करने की आवश्यकता है क्योंकि उस में कुछ कमियां ऐसी हैं जिन के कारण उसका पूरा पूरा लाभ नहीं मिलता है । आज वितरण का काम दुकानदारों के द्वारा, सहकारी समितियों के द्वारा तथा ग्राम पंचायतों के द्वारा किया जाता है । मेरा सुझाव है कि यह व्यवस्था केवल सहकारी समितियों के द्वारा ही की जाये क्योंकि इस से हम सब सामान उचित कीमत पर और ठीक समय पर गांव की जनता तक पहुंचा सकेंगे ।

एफ० सी० आई० के द्वारा किसानों से अनाज खरीदा जाता है । उस के द्वारा अनाज की खरीद के लिए जिस प्रकार का रवैया अपनाया जाता है, उस पर इस सदन में काफी शिकायतें की गयी हैं । एफ० सी० आई० अनाज की खरीद करने के बाद उस को अपने गोदामों में रखता है । गोदामों में रखे गये अनाज पर वह कोई ध्यान नहीं देता है, जिस से बहुत सा अनाज खराब हो जाता है । इस प्रकार सरकार को काफी नुकसान उठाना पड़ता है तथा जनता को सड़ा हुआ अनाज खाना पड़ता है । इस व्यवस्था के लिये बड़े बड़े अफसर तथा अन्य कर्मचारी रखे गये हैं तथा तरह तरह के साधनों का उपयोग किया जाता है, लाखों रुपये का खर्च किया जाता है, फिर भी अगर इस प्रकार का नुकसान हो होता रहे तो वह अनुचित ही होगा । सरकार को चाहिये कि वह संग्रह किये गये अनाज को हिफाजत से रखे तथा उस का उचित समय पर वितरण करे । जिस से जनता को अच्छा अनाज ठीक समय पर मिले ।

आज लाखों टन अनाज विदेश से आयात किया जाता है । उस के लिए विदेश को ज्यादा भाव देना पड़ता है जिस से एक तो देश की विदेशी मुद्रा का अनावश्यक खर्च होता है, तथा दूसरी ओर देश के किसानों को नुकसान होता है क्योंकि जो भाव विदेशों को देते हैं, उस भाव से हमारे किसानों से अनाज खरीदेंगे तो किसानों को ज्यादा दाम मिलेगा । आज हमारे देश के किसानों को बहुत कम भाव दिये जाते हैं । अन्न को पैदा करने में किसान को मंहगी खाद, कीट नाशक दवाएं, सिंचाई तथा मजदूरी के लिए बहुत खर्च करना पड़ता है । उनके इन खर्चों को देखकर, किसानों को घाटा न हो, इस प्रकार के भाव देने चाहियें । ए पी०सी० को चाहिये कि कृषि उत्पादों का समर्थन

मूल्य निर्धारित करने से पहले इस को ठीक से देखें तथा फसल बाजार में पहुंचने से पहले ही समर्थन मूल्यों को घोषणा करें ।

खाद्य तेल के बारे में भी मैं एक बात कहूंगा । हम 800 से 900 लाख टन खाद्य तेल का आयात करते हैं । उसके लिये 700-800 करोड़ रुपये का खर्च करते हैं । इसके बदले हमारे किसानों को प्रोत्साहन देना चाहिये । ताकि वे अपने खेतों मे मूंगफली , कपास आदि तेल देने वाली फसलों को लगायें । किसानों के लिये पूरी जानकारी, अच्छे बीज, सिंचाई की आवश्यका सुविधा तथा पर्याप्त ऋण और आर्थिक सहायता की व्यवस्था होने पार ऐसी फसलों को लगाने के लिये तैयार होंगे । उस के हम विदेशी मुद्रा को बचा सकेंगे तथा हमारे किसानों को लाभ पहुंचा सकेंगे ।

सीमेंट के बारे में भी मुझे कुछ कहना है। ता० 2-2-82 से सरकार ने सीमेंट वितरणत्र के लिये दोहरी मूल्य नीति को अपनाया था जिस में व्यवस्था की गई कि सीमेंट के उत्पादन का 63 प्रतिशत भाग लेवी के द्वारा प्राप्त कर के नियंत्रित मूल्य पर बेचा जायेगा । तथा बाकी 37 प्रतिशत भाग को खुले बाजार में बेचा जायेगा । नियंत्रित मूल्य के सीमेंट का भाव रु० 40.25 प्रति थैली निर्धारित किया गया तथा खुले बाजार में रु० 62.50 प्रति थैली बेचा जायेगा ।

लेकिन इस नीति से लाभ होने की बजाय जनता की परेशानी बढ़ी है क्योंकि नियंत्रित मूल्य का सीमेंट लोगों तक पहुंचने के लिए उचित व्यवस्था हम नहीं कर सके हैं । नियंत्रित मूल्य वाली सीमेंट का वितरण समय से नहीं होता है । सीमेंट का उत्पादन करने वाली कंपनियां ट्रांसपोट आदि के बहाने बना कर विलंब करती हैं । बाद में उस सीमेंट को प्रति थैली 70-75 रु० लेकर बेचती हैं । इस प्रकार सामान्य जनता के लिए जो सीमेंट है, वह उसको नहीं मिलती । कंपनियां डीलर्स से पैसे एडवांस में लेकर उसका बिना ब्याज उपयोग करती हैं ।

मैं मांग करता हूं कि सीमेंट की दोहरी मूल्य नीति को तुरंत बंद किया जाये । मिट्टी के तेल के बारे में भी ऐसी नीति को लागू किया था लेकिन जनता की परेशानी को देखते हुए उसे वापस ले लिया गया। इस पर मंत्री जी को बधाइयां भी बहुत मिलीं । ठीक उसी प्रकार सीमेंट की नीति को भी बदलना होगा क्योंकि वर्तमान नीति से जरूरतमंद उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है ।

नियंत्रित मूल्य पर देश की गरीब जनता को कपड़ा देने की एक नीति सरकार की है । एन० टी० सी० की मिलों द्वारा इस प्रकार का कपड़ा तैयार किया जाता है । लेकिन हमारी वितरण व्यवस्था इस दृष्टि से भी नाकामयाब रही है । आज हम इस प्रकार का उचित दर का कपड़ा गांवों के गरीब किसानों, मजदूरों को नहीं पहुंचा सके हैं । अगर हम सहकारी समितियों के द्वारा गांवों में भंडारों की व्यवस्था करके कपड़े का वितरण करने की जिम्मेदारी उनको सौंपेंगे तो अवश्य सफलता हासिल होगी । खाद्यतेल के लिए हम विदेशों से पाम आइल मंगाते हैं जिस के लिए हमें करोड़ों रुपये विदेश को देने पड़ते हैं । मुझ को एक सूचना मिली है कि विदेश में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो हमारे देश की बीमार मिलों को सहायता कर सकती हैं । वे इन मिलों को सोयाबीन सीड, काटन सीड आदि भेजेंगी । जिस को पीस कर उस की खली को ले जायेंगी । लाने ले जाने का

[श्री शान्तु भाई पटेल]

खर्चा वे करेंगी तथा मजदूरी के रूप में निकला हुआ तेल यहां छोड़ेंगी । अगर हम इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे तो हमें फायदा ही फायदा है क्योंकि इस से हमारी बीमार मिलों को मदद मिलेगी । विदेशी मुद्रा की बचत होगी, खाद्य तेल का संकट दूर होगा तथा मजदूरों को मजदूरी मिल सकेगी ।

16.00 hrs.

गुजरात में हाल ही में समुद्री तूफान से बहुत नुकसान हुआ है । उस के लिए राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से सीमेंट व अन्न की मदद मांगी है । मैं आशा करूंगा कि केन्द्रीय सरकार इस बात पर सहानुभूति से विचार करेगी तथा आवश्यक सहायता यथाशीघ्र पहुंचाएंगी ।

मैं पुनः इन मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : माननीय सभापति महोदय, 35 वर्ष की आजादी के बाद, पांच पंचवर्षीय योजनाओं में खरबों रुपया लगाने के बाद और विदेशों से खरबों रुपया कर्ज लेने के बाद आज जो भारतवर्ष की खाद्यान्न की स्थिति है वह इस सदन में और सदन के बाहर चर्चा का विषय है । पक्ष और विपक्ष के लोगों ने बहुत अच्छे ढंग से इस स्थिति पर प्रकाश डाला है ।

मध्य प्रदेश में स्थिति और भी गंभीर है । आज मध्य प्रदेश के महाकौशल विंध्य क्षेत्र के सैकड़ों गांव ऐसे हैं जहां से गरीब, आदिवासी और हरिजन भाग रहे हैं और ये गांव उजड़ रहे हैं । पिछले 15 दिन का एक किस्सा है । जबलपुर की सिहोरा नामक तहसील में भूखे मजदूरों ने मजबूर होकर राशन की दुकाने लूट लीं । इससे हम कल्पना कर सकते हैं कि वास्तव में हालत कितनी खराब है । अभी सत्ता पक्ष के एक सदस्य ने कहा कि विरोधी दल वाले और अखबार वाले भूख से मौत होने का प्रोपेगंडा करते हैं, इसके बारे में एक उदाहरण देना चाहता हूं । मन्डला जिले में एक निवास तहसील है उसके पास एक गांव में शांति बाई नाम की आदिवासी महिला भूख से तड़प-तड़प कर मर गई । जिला अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि बदहजमी से मरी है । मैं उस गांव में गया था और वहां जाकर देखा कि जंगल के निवासियों ने लोमड़ी, भेड़िया और सांप तक खा डाले, उसके बाद भी भूख पूरी नहीं हुई । इस प्रकार बहुत बड़ी तादाद में उस जिले में लोग भूख से मरे हैं । फूड कारपोरेशन आफ इन्डिया में भ्रष्टाचार की बात चल रही थी । अभी तक हम सुनते थे कि दाल में नमक के बराबर भष्टाचार चलता है । परन्तु मुझे समझ में आया कि भ्रष्टाचार में अब नमक में दाल आ गई है । जब मैं शांति बाई की सास को मिला और उनसे पूछा कि आपकी बहू को मरे हुए 9 दिन हो गए हैं, आपकी मध्य प्रदेश शासन ने कोई सहायता की या नहीं ? उन्होंने जवाब दिया कि सिर्फ दो किलो चावल की सहायता मिली है । सुनकर बड़ा अजीब लगा कि 25 वर्ष की बहू भूख से तड़प-तड़प कर मर जाए और सिर्फ दो किलो चावल देकर ही सहायता की जाए ? जब जड़ में पहुंचा तो समझ में आया कि इस बुढ़िया का दो बोरे चावल पर अंगूठा लग गया था । सौ किलो सरकारी गोदाम से निकला और एक किलो उसके घर पर पहुंचा, जो भूख से तड़प कर मर गई । हमारे एक सदस्य महोदय ने कहा

कि दिल्ली में 25 दुकानें ऐसी हैं जो एक व्यक्ति चलाता है । मैं चाहुंगा कि खाद्य मंत्री महोदय उसकी जांच करें । मध्य प्रदेश में एक सविनी जिला है, वहां की एक मंत्राणी हैं, नाम नहीं लेनाचाहूंगा और इस सदन में एक श्रेष्ठ मंत्री है जो वहां के निवासी हैं । इनके विश्वासपात्र व्यक्ति तीन सो से अधिक दुकानें आज वहां पर चला रहे हैं इसमें किसका कितना हिस्सा है, यह समझने की ओर जांच की बात है ।

THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. C. SETHI): I think the hon. Member is referring to me. I say the charge is baseless.

श्री बाबू राव पराजपे । मैंने सिवनी जिले में के एक मंत्री जी यहां मंत्रिमडल में बैठे हुए हैं, उनकी बात की थी । अगर मामला साफ न हो तो और साफ कर सकता हूं । कुल-मिलाकर में प्रसन्न हूं क्योंकि विरोधी पक्ष का हूं । मगर भूख से तडप तडप कर इनसान मर जायेंगे तो क्या शांति बनी रहेगी । आज जबलपुर में राशन की दुकानें लुट सकती हैं तो क्यों नहीं भूखा इनसान सडक पर आ सकता और यदि वह आता है तो यह देश के लिये बहुत खतरनाक बात होगी । मैं चाहूंगा कि जहां तक मध्य प्रदेश के खाद्य का मामला है पुनः विचार किया जाये और उनका कोटा बढाया जाये ताकि भुखमरी कुछ मात्रा में समाप्त हो सके ।

एक अंदाज आप कीजिये । आप मध्य प्रदेश में एक किलो चावल और एक किलो गेहू प्रति यूनिट प्रति माह दिया जा रहा है । कुछ जिलों कर 2 किलो राशन एक यूनिट को एक महीने में अनेकों जिलों में सरकार की ओर से दिया जा रहा है । अब प्रश्न यह आता है कि कम से कम 450 ग्राम आज एक आदमी को दिन भर के खाने के लिये होना चाहिए । उसके परिणाम में मध्य प्रदेश में आज क्या दिया जा रहा है इसके आंकड़े आपके सामने हैं आप स्वयं विचार कर सकते हैं कि वहां खाद्यान्न की कितनी भयंकर स्थिति है ।

रहा सवाल किसान को मिलने वाले मूल्य का । वह गोरी चमडी का किसान चाहे आस्ट्रेलिया का हो या अमरीका का, हमारी भारत सरकार उससे ज्यादा खुश है ऐसा प्रतीत होता है क्योंकि उसको गेहू का भाव 204 रु० दिया जाता है और दूसरे वर्ष में 230 रु० दिया जा रहा है , जब कि देश के किसान को 142 रु० दिया जा रहा है । इस वर्ष खाद्य की महंगाई बिजली और पानी की महंगाई है , इन सब को ध्यान में रखकर मुरी मांग है कि हमारे किसान को कम से कम 200 रु० प्रति क्विंटल गेहू का भाव तय होना चाहिए ।

कापियों की बड़ी चर्चा होती है । समाचर पत्रों, रेडियों, टी० वी० पर कहा जाता है कि इस सरकार को गरीब की बडी चिन्ता है । पिछले 6 महीने से काजग के कोटे के बारे में मैंने मंत्री जी को पत्र लिखे कि मध्य प्रदेश को पूरे एक वर्ष में कागज का कोटा रिलीज नहीं हुआ है कापियां बनाने के लिये । आज तक कुछ नहीं हुआ । आज भी वही हालत है जो एक साल पहले थी । आप इसकी जांच कर लें ताकि, आने वाले सत्र में गरीबो को कापियां मिल सकें । मध्य प्रदेश में गरीबो इतनी अधिक है कि 320 विधान सभा सीटो में 100 से अधिक सीटें हरिजन और आदिवासियों की हैं । इससे अंदाज लगा सकते हैं कि वहां कितनी गरीबी है । इस लिये कापियों के सिलसिले में मध्य प्रदेश का जो भी काजग का कोटा है केन्द्र सरकार उनको तुरन्त रिलीज करें ।

[श्री बाबु राव पराजपे]

एक छोटी सी बात मैं तमिलनाडू के बारे में कहना चाहता हूं । तमिलनाडू में तीन प्रकार की चावल की मिलें चल रही हैं —लार्ज, मीडियम और स्माल जिसको सिंगल हलर राइस मिल कहते हैं। तमिलनाडू सरकार ने सबसे छोटी मिलों को, जिसमें 20,000 रु० की लागत लगती है, कहा है कि आपको अपनी मिल को मोर्डनाइज़ करना पडेगा अन्यथा आपका लाइसेंस कैंसिल हो जायेगा । बात कुटीर उद्योग की करते हैं, परन्तु तमिलनाडू सरकार क्या कर रही है ? मैं चाहूंगा तमिल नाडू सरकार को इस बात के लिये कम्पैल किया जाये कि इस प्रकार की मिलों को जो 6-9-83 तक का समय दिया है कि अगर तब तक मोर्डनाइज़ नहीं करगें तो उनका लाइसेंस खत्म हो जायेगा , ऐसे आदेश को वह वापिस लें । जो छोटे आदमी 25,000 रु से अपना धंधा कर रहा है उसको काम करने का मोका मिलना चाहिए । इस बारे में मंत्री जी अवश्य ध्याद दें ।

एक बार फिर कहता हूं कि मध्य प्रदेश के लिये गेहूं, चावल और कागज का कोटा आप अधिक दें ।

इन शब्दो के साथ में अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

SHRI CHINTAMANI JENA (Balasore): Chairman, Sir, I rise to support the Demands of the Ministry of Food and Civil Supplies and to oppose all the cut Motions moved in the House on these Demands.

I congratulate the Union Government for the record food procurement for the year 1981-82. My friends on the other side are urging the Government to supply rice to States like Kerala, West Bengal etc. But they should realise that FCI or the Central Pool or the Ministry of Food and Civil Supplies has no machine to produce any quantity of rice at any time. Unless the FCI procures rice from the States, the Central Pool cannot supply foodgrains to the States to meet their requirements. I therefore urge upon the States that they should cooperate fully with the FCI in its programme of rice procurement from various States.

I wholeheartedly congratulate our Hon. Prime Minister Shrimati Indira Gandhi and her Government on the food policy which has been well thought-out and which has balanced the interests of the producers and the consumers. In spite of severe drought in almost all parts of the country, the procurement of foodgrains during 1981-82 was 15.2 million tonnes which exceeds the earlier recorded procurment of 14.46 million tonnes during 1978-79. I would like to draw the attention of our Hon.Minister to the fact that there is no coordination among the Ministries regarding the supply of foodgrains to various States. The Ministry of Agriculture is claiming that there is an increase in food production. The Ministry of Commerce is going on allowing the export of rice to foreign countries. But we have to remember that our Hon. Minister once said on the floor of the House that in case there is inadequate supply of rice, the rice consumers would have to switch over to wheat. So, the consumers will have to suffer unless there is coordination between these three Ministries.

I would like to mention that edible oils, rapeseed and Palmolive oil are imported by the State Trading Corporation and are sold at the rate of Rs. 6 per kg. But these oils are supplied to the multi-nationals like the Delhi Cloth Mills and Lever Brothers etc., who in turn produce vegetable ghee and re-sell it to the consumer at the rate of Rs. 14 to Rs. 15.00 per kg and the result is that the multinationals and the middlemen get the profit leaving the consumers to suffer. I would therefore urge upon the Union Government that these vegetable ghee producing industries should be nationalised. Due to

unprecedented natural calamities like cyclone floods and drought in 1982, the rice production in the State of Orissa has been decreasing. The open market availability of rice is also decreasing day by day and there is heavy pressure on public distribution system due to dependence on it of a much larger number of consumers. Apart from the target fixed for the procurement of two lakh tonnes of rice, the State is trying to procure rice from the open market. But unfortunately, availability of rice in the open market is scarce and, therefore, the State Government is trying to procure open market rice from outside the State but is it not available in other States also like Andhra Pradesh, because they are also in need of rice to meet their own demand. The State Government has been repeatedly requesting the Union Government to give more foodgrains form the Central Pool. For the kind information of the hon. Minister, I should mention that the request from the State Government is not heeded to by the Union Government. The scarcity conditions will become more acute during the coming months.

The requirements from January, 1983 to December 1983 from the public distribution system have been assessed at 6,60,000 metric tonnes of foodgrains—the requirement of the wheat is 2,62,000 metric tonnes. It is really most unfortunate that as against the requirement of 50,000 metric tonnes of rice and wheat, for the month of February, the Central Government has allotted only 18,000 metric tonnes of rice and 22,000 metric tonnes of wheat. Similarly, for the month on March, 1983, as against the requirement of 50,000 metric tonnes of rice and wheat, only 10,000 metric tonnes of rice and 12,000 metric tonnes of wheat have been supplied till today. I would request the hon. Minister to allot another 16,000 metric tonnes of rice and 12,000 metric tonnes of wheat for the current month since the assessment has been done including the foodgrains required to meet the requirements of gratuitous relief cards, food-for-work programme, etc.

I am grateful to the Government of India for having abolished the dual pricing system in respect of kerosene. The consumer will not mind paying ten paise more per litre provided kerosene is made available in adequate quantities. The hon. Minister may kindly look into this aspect also.

Regarding the requirement of cement, the hon. Minister is well aware of the fact that, in Orissa, due to unprecedented cyclone and floods in 1982, lots of houses and buildings, both private and Govt. in Orissa have been severely damaged and destroyed and some have been washed away. Special quota of levy cement is required to be provided to the State of Orissa for restroation and the construction of the buildings, bridges and culverts which have been severely damaged by the last cyclone and floods of 1982.

Before concluding, I would like to draw the attention of our hon. Minister that the foodgrains are damaged in FCI godowns due to inadequacy of godown facilities and also warehousing facilities by which thousands of tonnes of goodgrains are being destroyed. The hon. Minister may kindly look into this aspect and as far as my information goes, in reply to one of my questions the hon. Minister said that in the last 3 years 40,000 tonnes of foodgrains including vegetables etc. were damaged or destroyed due to lack of godown facilities. The State Governments and the Government of India should take adequate steps to tackle this problem in the right earnest so that necessary godown facilities may be available to the FCI as well as to the farmers in rural areas who keep their produce in those godowns.

With these words, I conclude.

*DR. V. KULANDAIVELU (Chidambaram): Hon. Mr. Chairman, Sir, on the Demands for Grants of the Ministry of Food and Civil Supplies, I would like to place my views on behalf of my party the Dravida Munnetra Kazhagam. I am

*The original speech was delivered in Tamil.

[Dr. V. Kulandaivelu]

thankful to you for giving me a chance to participate in the debate.

At the very outset, I would like to record my grateful thanks to the hon. Prime Minister and I would like to convey my sincere compliments to her for having visited Tamil Nadu, in the midst of her multifarious engagements, to have a personal idea about the seriousness of drought in Tamil Nadu. On 28th March she was in Tamil Nadu. She assessed for herself the drought situation in certain parts of Tamil Nadu. She did not end her efforts there. Her great sense of humanism and her commitment to the cause of common people made her announce the sanction of Rs. 10.0 crores for drought relief measures and Rs. 10 lakhs from her Drought Relief Fund for the afflicted families. She has also ordered the supply of 10,000 tonnes of foodgrains to Tamil Nadu. Sir, on behalf of the people of Tamil Nadu I express my deep debt of gratitude to our hon. Prime Minister who has proved her concern for the common people by both words and deeds.

While participating in the debate on the Motion of Thanks to the President's Address, I had given a detailed narration of the woes of the people of Tamil Nadu consequent upon the failure of two monsoons last year, and due to inept handling of power generation in the State by the AIADMK Government of Tamil Nadu. I specifically drew the attention of the Centre to the inefficient administration of the State Government. I wanted that foodgrains should be rushed to the State to save the people from starvation and also demanded sanction of *ad hoc* amount of Rs. 200 crores for drought relief works. Our Prime Minister's visit to Tamil Nadu has confirmed what I had stated the other day in this House. Similarly, her statement about bad management of foodgrains by the State Government has also substantiated my contention about the ineffective functioning of the State Government. I wonder whether 11000 tonnes of foodgrains would meet the needs of the State in tackling the drought situation and whether the sum of Rs. 10 crores would be enough to take up all drought relief works in the State.

In my district of South Arcot there were 19 starvation deaths of both men and women. These are announced figures. But there are so many starvation deaths which are not known to the Government. For instance, there is an entity enumerated as starvation-diarrhoea leading to death. I am a Doctor in Medicine. That is why I am pointing this out. The people may think that they are dying of diarrhoea. Actually it is not; it is due to poverty and it is due to starvation. Thousands of children die due to starvation resulting in acute diarrhoea. These deaths are generally not known to the State Government.

My leader, Dr Kalaignar Karunanidhi has repeatedly stressed this fact of administrative mal-functioning of the State Government, substantiated by facts and figures, on the floor of Tamil Nadu legislative assembly. As pointed out by our hon. Prime Minister the present critical situation in Tamil Naidu is primarily due to the AIADMK Government of Tamil Nadu that does not work. Due to pressure of circumstances some people may shift their loyalties to the ruling party in the State. One such case is that of Babu Govindaraju, the M.L.A. from South Arcot District. Though he belonged to the ruling party he did not hesitate to highlight the failure of AIADMK Government.

16.31 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have to conclude. You are the second speaker from your Party. Don't ask for more time. There are some more speakers whom I have to allow. Your party had already got one opportunity. Please conclude.

DR. V. KULANDAIVELU: Sir, I am narrating the exact problem there in Tamil Nadu. He has proved with photostat copies of concerned documents that the foodgrains meant for fair price shops in

Cuddalore were sold in blackmarket in Madras. He has pointed out that a bag of rice fetched a margin of Rs. 50 in the blackmarket. We have to commend his courage. The other ruling party Members in the Assembly complimented him for his boldness.

MR. DEPUTY SPEAKER: What can this Minister do on that? It is a State subject.

DR. V. KULANDAIVELU: It has to be welcomed that 50,000 fairprice shops have been opened, if the reports are to be relied upon. I want to know whether the problem of 80 per cent of our population living in the rural areas would be solved by merely opening more number of fair price shops. In Tamilnadu even the fair price shops have become the victim of rampant black-marketing in Tamilnadu. The good rise supplied to fairprice shops is sold in the market. The rice mixed with stonesand mud is distributed by these fair price shops. The sugar is adulterated in the fairprice shops. In my district, I know that Kerosene mixed with water was supled in Gangalkondan village. Some news items have appeared about the mixing of water with wagon-loads of kerosene. You have formulated the public distribution scheme with the laudable objective of serving the poor people. But the fairprice shops have become the centres of blackmarketing, where rice unfit for human consumption is supplied. The samples of rice with insects have been shown to the Finance Minister of the State in th Legislative Assembly.

MR. DEPUTY SPEAKER: Please conclude now.

DR. V. KULANDAIVELU: All are heraing patiently.

MR. DEPUTY SPEAKER: Everybody has got to hear whatever you say. Mr. Kulandaivelu, your party has already had one speaker.

DR. V. KULANDAIVELU: Five minutes more.

